4 रायपुर संभाग
पत्रकार भवन हेतु सुरक्षित भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा का प्रयास

6 अभिमत
वृद्धि एवं क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता

09 विविध
जमोहन और पुरंदर मिश्रा ने किया उत्तर के मतदाताओं का सम्मान...

10 संस्कारधानी
युवा कौशल प्रशिक्षण के तहत मशरूम उत्पादन पर छः दिवसीय...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-326 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि 18 जुलाई को उन्हें नमन किया है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के योगदान को याद करते हुए साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में 'बाबू साहब' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरूद्ध किसानों ने 'कंडेल नहर सत्याग्रह' किया। प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। साय ने कहा कि 'बाबू साहेब' सच्चे मायने में दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे। उनके जीवन और विचार मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### सुलभ, सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नवीनतम तकनीक अपनाने पर बल दिया जितेंद्र सिंह ने



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सुलभ, किफायती स्वास्थ्य सेवा के लिए नवीनतम तकनीक के उपयोग पर जोर दिया है और कहा है कि भारत दुनिया के शीर्ष छह जैव-निमार्ताओं में एक है और अपनी अधिक लागत प्रभावी और प्रभावकारिता आधारित जैव-विनिर्माण के साथ-साथ लागत प्रभावी स्वास्थ्य सेवा गंतव्यों में शामिल है। डॉ सिंह यहां बुधवार को 'अमेरिकन चैंबर ऑफ इंडिया' (एएमसीएचएएम) के दूसरे हेल्थकेयर सम्मेलन' को संबोधित रहे थे। उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रयासों और ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में जैव विनिर्माण और जैव फाउंड्री क्षेत्र में निवेश 2014 में 13 अरब डॉलर था जो

### सिंघार ने नर्सिंग घोटाले को लेकर फिर बोला सरकार पर हमला



**रीवा।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नर्सिंग घोटाले समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर जम कर हमले बोले। सिंघार ने अपने प्रवास के दौरान यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सीबीआई को सरकारी नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद सवाल ये है कि आनन-फानन में नियम किसके आदेश पर बदले गए। फर्जी नर्सिंग कॉलेज खोलने की अनुमति किसने दी। क्या फर्जी डिग्रीधारी मरीजों का इलाज करेंगे। रीवा के स्थानीय मुद्दों को लेकर सिंघार ने कहा कि रीवा में अधिकारियों के संरक्षण में शराब से ज्यादा नशा कोरेक्स का हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार में 'उड़ता पंजाब' पिक्चर के बाद, अब 'उड़ता रीवा' हो चुका है।

## मुख्यमंत्री साय ने मांडविया से रोजगार सृजन श्रमिक कल्याण और खेल सुविधाओं के विस्तार पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा एवं खेल मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से उनके आवास पर सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने डॉ. मंडाविया से छत्तीसगढ़ में रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहायता का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी इस दौरान उनके साथ थे।

मुख्यमंत्री साय ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान राज्य में श्रम, रोजगार और खेल के क्षेत्र में हो रही प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि, श्रमिक कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन और रोजगार के नए अवसरों का सृजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेरोजगारी की दर को कम करने के लिए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग की। मुख्यमंत्री साय ने केन्द्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया को राज्य में खेल सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएँ शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. मंडाविया से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार इन योजनाओं को और अधिक समर्थन दे, ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। डॉ. मंडाविया ने मुख्यमंत्री साय के प्रयासों की सराहना की और राज्य में विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहयोग देने को तैयार है।

## सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घटी आर्थिक विकास की रफ्तार : कांग्रेस

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार भले ही बराबर तेज आर्थिक विकास की बात करती है लेकिन सच यही है कि पिछले 10 वर्ष के दौरान विदेशी निवेश में कमी आई है और इसके कारण आर्थिक विकास की रफ्तार कमजोर पड़ी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा, 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर, अस्थिर नीतियां, मित्र पूंजीवाद का बोलबाला के साथ ही ईडी, आईटी, सीबीआई का रेड राज - इन तीन वजहों से 2014 से कम निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा, कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक



जीडीपी की वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। भारत में निजी घरेर्ल निवेश 2014 से सुस्त है। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह जीडीपी के 25-30 प्रतिशत के रेंज में था। स्वयंभू परमात्मा के अवतार के कार्यकाल में, यह जीडीपी के 20-25 प्रतिशत के रेंज में है लेकिन 2014 से सकल एफडीआई भी कमोबेश स्थिर रहा है। हालांकि, यह कहानी का केवल एक हिस्सा भर है। कम से कम 2016 से, दुनिया भर की बहु-राष्ट्रीय कंपनियाँ चीन से हटकर अन्य विकासशील देशों में निवेश करना चाह रही हैं। प्रवक्ता ने कहा, इस स्थिति में भारत एक बड़े और बढ़ते लेबर पूल के साथ सही समय पर बिल्कुल सही जगह पर था - लेकिन एफडीआई हासिल करने और मैन्युफैक्चरिंग एवं निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था बनने का यह अवसर बर्बाद कर दिया गया।

## औषधि के उच्च मानक तय करना जरूरी : नड्डा




एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि औषधियों, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों की विश्व स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर उद्योगों से विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। नड्डा ने यहां औषधि चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन के नियामकों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को वैश्विक प्रतिष्ठा 'विश्व की फार्मेसी' के अनुरूप औषधि विनियमन में वैश्विक नेता बनने के लिए, अपने परिचालन के पैमाने और अंतर्राष्ट्रीय अपेक्षाओं से मेल खाने वाले विश्व स्तरीय विनियामक ढांचे की आवश्यकता है। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौर्जद थे। नड्डा ने सी.डी.एस.सी.ओ. पर अपने अनिवार्य क्रियाकलापों में वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए समय सीमा के साथ एक योजना तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकरूपता, तकनीकी उन्नयन और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के उच्चतम मानकों पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्यात की जा रही दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उचित प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए, सी.डी.सी.एस.ओ. तथा औषधि एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग में प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि औषधि नियामक निकाय तथा उद्योग दोनों को पारदर्शिता के उच्चतम सिद्धांतों पर काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारत में निर्मित तथा बेचे जाने वाले उत्पाद वैश्विक गुणवत्ता मानकों के उच्चतम मानकों को पूरा करते हों। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवा और चिकित्सा उपकरण उद्योग के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना महत्वर्पर्ण है, ताकि उनके मुद्दों को समझा जा सके और गुणवत्ता अपेक्षाओं और मानकों को र्परा करने के लिए उनका सहयोग किया जा सके।

## सुक्खू ने गडकरी से मार्गों के उन्नयन के लिए 172 करोड़ देने का किया आग्रह

एजेंसी < नई दिल्ली/शिमला
www.dailypioneer.com




हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से प्रदेश की 39.20 किलोमीटर लम्बी रानीताल-कोटला और 41.50 किलोमीटर लम्बी घुमारवीं-जाहू-सरकाघाट सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया। सुक्खू ने कहा कि इन सड़कों का निर्माण पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों के अनुसार किया जा चुका है और सैद्धांतिक रूप से इन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कें परिवहन का मुख्य साधन हैं और पिछले आठ वर्षों के दौरान राज्य के लिए कोई भी नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार शाम नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने राज्य आपदा-2023 के दौरान क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ लगते विभिन्न राज्य मार्गों के उन्नयन के लिए 172.97 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों में कुल्लू-मनाली, मंडी-कमांद-कटोला-बजौरा सड़क और चौल-गोहर-पंडोह सड़क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले मानसून में प्राकृतिक आपदा के बाद केंद्रीय मंत्री द्वारा राज्य के दौरे के दौरान घोषणा की गई थी कि केंद्र राष्ट्रीय राजमार्गों से एक किलोमीटर के दायरे में क्षतिग्रस्त राज्य सड़कों की मरम्मत के लिए केंद्र सरकार धनराशि प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ये सड़कें राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को सुचारू रखने में महत्वपूर्ण हैं और पिछले मानसून के दौरान कुल्लू-मनाली राजमार्ग के क्षतिग्रस्त होने पर वाहनों की आवाजाही में सहायक सिद्ध हुई थीं। सुक्खू ने कहा कि शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य का एक महत्वपूर्ण राजमार्ग है जो आठ ज़िलों को प्रदेश की राजधानी और समीपवर्ती राज्यों को जोड़ता है।

### इंदौर में डकैती को लेकर पटवारी ने सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के इंदौर में एक बैंक में डकैती को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि सरकार इंदौर में बेलगाम हो रहे अपराधों को रोकने में नाकाम है। पटवारी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मध्यप्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर की पंजाब नेशनल बैंक में दिनदहाड़े लूट की वारदात हो गई! मुंह पर नकाब, रेनकोट पहनकर आए बदमाश ने बैंक के अंदर घुसकर हवाई फायर किया! कैश काउंटर पर बैठी महिला कर्मचारी से बैग में रुपए भरवाए और मौके से फरार हो गया! शहर के सबसे व्यस्त इलाके में हुई इस वारदात ने आम जनता को दहशत से भर दिया है! लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं!' उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में बढ़ते हुए अपराध बेलगाम तो पहले से ही थे, अब इसमें सनसनीखेज लूट और डकैती की वारदात भी शामिल होती जा रही है। सरे बाजार यदि बैंक लर्ट लिया जाता है, तो कल्पना कीजिए कि छोटी-छोटी लूट और चोरियों को लेकर अपराधियों में कितना दुस्साहस भरा होगा।

## आबकारी नीति-सीबीआई मामले में केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से जुड़े केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मुकदमे को चुनौती देने के साथ ही इस मामले में अंतरिम जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिकाओं कर सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता केजरीवाल की दोनों याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही कहा कि आरोपी की मुख्य जमानत याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। एकल पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश डी. पी. सिंह की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि सीबीआई ने इस संभावना के मद्देनजर 26 जून को उनके मुवक्किल (केजरीवाल) को गिरफ्तार किया कि कहीं वह जेल से रिहा न हो जाए। यह बिना कोई आधार के एक प्रकार से तय गिरफ्तारी थी। उन्होंने इस मामले में अंतरिम जमानत की भी गुहार लगाई। सीबीआई का पक्ष रखते हुए सिंह ने सिंघवी के आरोपों का खंडन करते हुए अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति मामले कथित घोटाला से जुड़े धनशोधन के मामले में 12 जुलाई को अंतरिम जमानत की राहत दी थी, लेकिन कथित भ्रष्टाचार के मामले 26 जून को सीबीआई की ओर से गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत के कारण वह जेल से रिहा नहीं हो सके थे।

### रेल मंत्री ने परियोजनाओं पर तेजी से कार्य का दिया आश्वासन

## छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजनाएं जल्द होगी शुरू

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरू करने का आग्रह किया।

**धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना (240 किमी)** - मुख्यमंत्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगाँव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ेगी। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपए है।

**अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना (200 किमी)** - इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपए है।



**खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना (277 किमी)** - मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपए है।

**रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना (140 किमी)**- रेलवे पहले से ही दल्ली-राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज समृद्ध क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपए है।

बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा।

## पावर कार के रखरखाव के लिए नयी नीति जारी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रेल मंत्रालय ने यात्री ट्रेनों के संचालन में पावर कार की महत्वपूर्ण उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए इसके रखरखाव के लिए नयी नीति जारी की है। यात्री ट्रेनों में एलएचबी कोचों में एयर कंडीशनिंग और प्रकाश व्यवस्था चलाने के लिए बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना पावर कार का महत्वपूर्ण काम होता है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक पावर की महत्ता के मद्देनजर रेलवे बोर्ड ने पावर कार रखरखाव के लिए नयी नीति जारी की है। इसके तहत ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर (ओईएम) आधारित रखरखाव में संबंधित ओईएम अथवा उनके अधिकृत डीलर निर्धारित रखरखाव और मरम्मत करेंगे तथा ट्रेन चलने के दौरान इन पावर कारों का उचित संचालन सुनिश्चित करेंगे। इससे ट्रेन संचालन के लिए पावर कारों की विश्वसनीयता और उपलब्धता में सुधार होगा। वहीं किट आधारित रखरखाव में सामग्री की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ओईएम के साथ अपनाये गये दर अनुबंध को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिससे इन पावर कारों के लिए आवश्यक खरीद के समय में काफी कमी आयेगी। उन्होंने बताया कि रखरखाव की इस नीति से बहुत सी यात्री सुविधाओं में विस्तार होगा। निरंतर बिजली सुनिश्चित होने से एयर कंडीशनिंग, हीटिंग और प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से काम करती है, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान पर्याप्त आराम मिलेगा। इसके साथ ही विश्वसनीय बिजली आपूर्ति आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था और संचार उपकरणों सहित सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखती है।

# नाथद्वारा का गौरव : 'विश्वास स्वरूपम' ने 15 लाख पर्यटकों को किया आकर्षित

वार्ता < नाथद्वारा
www.dailypioneer.com



राजस्थान के नाथद्वारा में स्थित भगवान शिव की प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम', जिसे 'स्टैच्यू ऑफ बिलीफ' के नाम से भी जाना जाता है, ने अब तक 15 लाख से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया है।

नवंबर 2022 में उद्घाटन के बाद से अब तक 15 लाख से अधिक पर्यटक इसे देखने आ चुके हैं। भगवान शिव की यह 369 फीट ऊंची मूर्ति तेजी से भारत में एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थल बन गई है, जो देशभर के पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। यह जानना भी दिलचस्प होगा कि यह मूर्ति दुनिया में भगवान शिव की सबसे बड़ी मूर्तियों में से एक है, जो 32 एकड़ में फैली हुई है और कुल ऊंचाई 112 मीटर 34 मीटर आधार सहित) है, इसे 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट से बनाया गया है। इस मूर्ति का जीवनकाल लगभग 250 वर्ष अनुमानित किया गया है। इसे 250 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाओं को आसानी से झेलने और भूकंपीय क्षेत्र छह में भी स्थिर रहने के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। प्रतिमा में 270 फीट और 280 फीट की ऊंचाई पर दीघाएँ हैं।

पर्यटक 351 फीट की ऊंचाई पर जाकर जलाभिषेक और भू-स्तर पर चरणवंदना कर सकते हैं। साथ ही स्नो पार्क, वैक्स म्यूजियम व गेम ज़ोन में वे मनोरंजन भी कर सकते हैं; तथा 'गो कार्टिंग', 'बंजी जंपिंग' 'ज़िप लाइन' जैसे खेलों का आनंद ले सकते हैं। 20 फीट की ऊंचाई पर एक नया अनोखा 3डी अनुभव 'आत्ममंथ' शुरू किया गया है।

मिराज समूह के संस्थापक मदन पालीवाल ने आज यहां कहा ÷ यह उपलब्धि इस बात का प्रतीक है कि यह प्रतिमा विश्वभर के लोगों के लिए कितना गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। हमारे देश की मज़बूत आध्यात्मिक जड़ें हमें न केवल आगंतुकों को अद्वितीय एवं हर - एक तरह के अनुभव प्रदान करती है, बल्कि आगंतुकों के लिए एक ज्ञानवर्धक अनुभव भी बनाती है। मिराज समूह में हम सदा समाज को कुछ लौटाने में विश्वास रखते हैं, और नाथद्वारा को एक वैश्विक आध्यात्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठित करने की ओर ये हमारा एक प्रयास है।

# असम में बाल विवाह में 81 प्रतिशत की कमी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




असम सरकार की सख्त और त्वरित कार्रवाई से राज्य में बाल विवाह में 81 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां जारी की गई। रिपोर्ट टूवार्ड्स जस्टिस : इंडिंग चाइल्ड मैरेज' के अनुसार असम में कानूनी कार्रवाई से बाल विवाह में 81 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य के 30 प्रतिशत गांवों में बाल विवाह के पूरी तरह खत्म हो गए हैं और 40 प्रतिशत गांवों में इसमें उल्लेखनीय कमी आई है। यह रिपोर्ट गैर सरकारी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के एक अध्ययन दल ने तैयार की है। असम और देश के बाकी हिस्सों से जुटाए गए आंकड़ों के अध्ययन के बाद तैयार की गई इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 के बीच असम में बाल विवाह के मामलों में 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और बाल विवाह मुक्त भारत (सीएमएफआई) के संस्थापक और बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन ऋभु ने यहां जारी की। इस अध्ययन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और असम के 20 जिलों के 1,132 गांवों से आंकड़े जुटाए गए जहां कुल आबादी 21 लाख है जिनमें आठ लाख बच्चे हैं। बाल विवाह के खिलाफ जारी असम सरकार के अभियान के नतीजे में राज्य के 30 प्रतिशत गांवों में बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लग चुकी है जबकि 40 प्रतिशत उन गांवों में इसमें उल्लेखनीय कमी देखने को मिली जहां कभी बड़े पैमाने पर बाल विवाह का चलन था। रिपोर्ट यह भी बताती है कि बाल विवाह के मामलों में एफआईआर और गिरफ्तारी जैसी कार्ननी कार्रवाइयों से बाल विवाह की कारगर तरीके से रोकथाम की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देश भर में बाल विवाह के कुल 3,563 मामले दर्ज हुए, जिसमें सिर्फ 181 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा हुआ। यानी लंबित मामलों की दर 92 प्रतिशत है। मौजूदा दर के हिसाब से इन 3,365 मामलों के निपटारे में 19 साल का समय लगेगा।

# आरपीएफ ने सात साल में स्टेशन क्षेत्रों से बचाए 84 हजार से अधिक बच्चे

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पिछले सात वर्षों के दौरान देश भर में विभिन्न रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत विशेष अभियान के माध्यम से 84,119 बच्चों को खतरों से बचाया। यह जानकारी रेल मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। इनमें अधिकतर बच्चे घर से भागे हुए, लापता , बेघर या मानसिक रूप से कमजोर थे। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2024 के पहले पांच महीनों में, आरपीएफ ने 4,607 बच्चों को बचाया है। जिसमे 3430 घर से भागे हुए बच्चों को बचाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले सात वर्षों में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) 'नन्हे फरिश्ते' नामक एक ऑपरेशन में अग्रणी रहा है। यह मिशन रेलवे के विभिन्न जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है। वर्ष 2018 में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' की गहनता के साथ महत्वपूर्ण शुरुआत हुई और उस वर्ष, आरपीएफ ने कुल 17,112 पीड़ित बच्चों को बचाया, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। विज्ञप्ति के अनुसार बचाए गए 17,112 बच्चों में से 13,187 बच्चों की पहचान भागे हुए बच्चों के रूप में की गई, 2105 लापता पाए गए, 1091 बच्चे बिछड़े हुए, 400 बच्चे निराश्रित, 87 अपहृत, 78 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 131 बेघर बच्चे पाए गए। वर्ष 2019 में 15,932 बच्चों को बचाया गया जिनमें 12,708 भागे हुए, 1454 लापता, 1036 बिछड़े हुए, 350 निराश्रित, 56 अपहृत, 123 मानसिक रूप से विक्षिप्त और 171 बेघर बच्चों के रूप में पहचाने गए।

# अमृतसर में दो तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में हेरोइन, हथियार बरामद



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने ड्रग तस्करी को बड़ा झटका देते हुए बुधवार को दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात किलो हेरोइन, पांच पिस्तौल, पांच जिंदा कारतूस और पांच मैगजीन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ में इनका पाकिस्तान लिंक का पता चला। पुलिस ने इस मामले में आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# जयपुर संभाग में हुआ नौ लाख 92 हजार से ज्यादा वृक्षारोपण

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा जयपुर संभाग में एक ही दिन में नौ लाख 92 हजार 241 वृक्षारोपण किये गए है। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर जिले में 50 हजार 104, जयपुर ग्रामीण जिले में एक लाख 45 हजार, दौसा जिले में तीन लाख 45 हजार 243, अलवर जिले में तीन लाख 26 हजार 978, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 81 हजार 923, खैरथल-तिजारा जिले में 23 हजार 953 एवं दूदू जिले में 19 हजार 40 वृक्षारोपण किये गए हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य में वृक्षों की कमी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए मानसून के मौसम में राज्य सरकार द्वारा सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए राजकीय विद्यालयों में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान के तहत वन विभाग को आवश्यकतानुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए थे।

डॉ. मलिक ने बताया कि वृक्षारोपण के बाद संबंधित अधिकारियों को ही पौधे की सुरक्षा एवं पर्याप्त जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# बरसात में वार्ड के सभी विधुत पोल पर लगवाया स्ट्रीट लाइट : धर्मेन्द्र यादव

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, नगर के उपाध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में नगर के वार्ड 6 के पार्षद धर्मेन्द्र यादव द्वारा बरसात के दिनों में वार्ड नं 06 के गली मोहल्ले व मुख्य चौक चौराहों पर एलईडी लाइट लगवाया ताकि वार्ड वाशियो को रात्रि समय बरसात के मौसम में आवागमन करने परपरेशानी न् हो। आम लोगो का आवागमन रात्रि में नगर में बना रहता है। रात्रि में विषैली जीव जंतु से बचाव हेतु सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्षद धर्मेन्द्र यादव द्वारा वार्ड में स्वयं उपस्थित रह कर सभी विधुत पोलो में लाइट लगवाया गया। वार्ड के सभी विधुत खंभे पर लाइट लग जाने से पूरे वार्ड रोशनी से जगमगा रहा है।

# छग धीवर समाज महासभा कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक में संपूर्ण शिक्षित समाज बनाने हुई गहन चर्चा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छग धीवर समाज महासभा कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में रायपुर के वृंदावन हाल में प्रदेश स्तरीय बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश धीवर प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ रामलाल पेंडरिया महासचिव एवं सोहन धीवर, प्रमुख सलाहकार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता बसंत निषाद प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ धीवर समाज महासभा द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से तीन मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें छग में धीवर समाज को संपूर्ण शिक्षित कैसे बनाया जाए। इस अभियान में कर्मचारियों की क्या भूमिका हो, परगना एवं महासभा का क्या योगदान हो, इन मुद्दों पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त किया। विचार मंथन में यह निष्कर्ष आया कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी के कारण बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। परगना में कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं परगना पदाधिकारी में तालमेल की कमी है। कर्मचारी प्रकोष्ठ को जमीनी स्तर तक मजबूत करने एवं उन्हें आर्थिक संसाधन उपलब्ध करने की आवश्यकता है। महासभा के प्रमुख सलाहकार सोहन धीवर ने कहा कि कर्मचारी वर्ग को प्रबुद्ध वर्ग माना जाता है सभी परगनाओं में कर्मचारी प्रकोष्ठ का अनिवार्यतः गठन किया जावे। प्रत्येक गांव में ग्राम विकास समिति गठित किया जाए जिसमें कर्मचारियों के साथ ही शिक्षित युवा एवं महिलाओं को भी शामिल किया जाए । शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु कर्मचारियों द्वारा योजना बनाकर परगना पदाधिकारीयों के परामर्श से क्रियान्वित करें। आर्थिक व्यवस्था हेतु कुछ हद तक कर्मचारीगण सहयोग दें एवं परगना द्वारा आर्थिक सहयोग किया जाना चाहिए। महासभा नियमावली के अध्याय.3 में शिक्षा के प्रचार.प्रसार हेतु दिशानिर्देश दिया गया है जिसका सभी परगनाओं द्वारा पालन किया जाना चाहिए। महासचिव डॉ रामलाल पेंदरिया ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता, इसके लिए सब मिलकर प्रयास करना चाहिए। आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र-छात्रा की पढ़ाई नहीं रुकना चाहिए । प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बसंत निषाद ने कहा की समाज में शिक्षा को प्रथम वरियता दी जानी चाहिए। सभी परगनाओं में कर्मचारी प्रकोष्ठ का शीघ्र गठन कर सूची प्रदेश अध्यक्ष,महासचिव के पास शीघ्र जमा करावें। परगनाओं द्वारा अपने क्षेत्र के परिजनों के समग्र विकास हेतु कार्य योजना बनाकर उसे क्रियान्वित किया जाना चाहिए। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने कहा कि शिक्षा के संबंध में बेटा.बेटी में भेद नहीं करनी चाहिए। शिक्षा के साथ.साथ रोजगार एवं सामूहिक विवाह पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सामूहिक विवाह का आयोजन करके हम बहुत सारा सामाजिक धन के अपव्यय को रोक सकते हैं। बैठक में डा एचएल मीनपाल रायपुर, आरएल धीवर जांजगीर, मोतीराम फेकर बलौदा बाजार से कृष्ण कुमार फेकर, लवन हेमलाल तारक, रायपुर, प्रकाश धीवर ग्राम अंडा दुर्ग, हेमकुमार फेकर पलारी लवनए विष्णु कुमार फेकर वटगन लवन, रामलखन लेकर उतई, खूब लाल धर्मगुडी, ओमप्रकाश नाग,शत्रुघ्न धीवर,डॉ ओमप्रकाश मत्स्यपाल,धमतरी रामूलाल तारक उगेतरा कोटनी, पीआर तारक कोटनी, सीएस तारक, अभनपुर, भूषणलाल, बृजलाल जलक्षत्री आरंग, देवीप्रसाद धीवर धमध, टिकुराम सारवे, अनिल कुमार कोसे एवं राजेंद्र कुमार जेवरा सिरसा, योगेश कुमार रेगे टिकरापारा रायपुर कमलेश धीवर राजनांदगांव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

## बाघिन के दो शावकों को समय पर उपचार मिलना प्रशंसनीय

# रेलवे ट्रैक पर घायल हुए बाघ शावक, उपचार के लिए चली एक डिब्बे की विशेष ट्रेन

पायनियर संवाददाता < सिहोर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में एक रेलवे ट्रैक पर घायल हुए बाघिन के दो शावकों के उचित उपचार के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशों पर एक डिब्बे की विशेष ट्रेन चलाई गई।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कल देर रात एक्स पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'मध्यप्रदेश सरकार की तत्परता व संवेदनशीलता से रेलवे ट्रेक पर घायल हुए बाघिन के दो शावकों को समय पर उपचार मिलना प्रशंसनीय है। सीहोर के बुधनी में मिडघाट रेलवे ट्रेक पर हुई दुर्घटना में मध्यप्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय ने समन्वय के साथ बेहद कम समय में एक डिब्बे की स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था कर, दोनों शावकों को बेहतरीन उपचार के लिए भोपाल लाकर अस्पताल में भर्ती कराया है। ईश्वर से दोनों शावकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।' सोमवार सुबह सीहोर जिले में बुधनी के पास मिडघाट रेल्वे ट्रेक पर बाघिन के तीन शावक दुर्घटना में घायल हो गए थे। एक शावक की तो मृत्यु हो गई थी, लेकिन शेष दो घायल थे। घायल शावकों को भोपाल के वन्य प्राणी चिकित्सालय लाने के लिए एक डिब्बे की विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई।

# रिजिजू ने बालटाल का दौरा किया, अमरनाथ यात्रियों के लिए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में बालटाल आधार शिविर का दौरा किया और अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रिजिजू आज सुबह बालटाल आधार शिविर पहुंचे और यात्रा के सबसे छोटे मार्ग से तीर्थयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने उन्हें सुचारू रूप से जारी अमरनाथ यात्रा और मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट वीडियो में बालटाल की ऊंचाइयों पर छाता पकड़े हुए स्थिति का जायजा लेते नजर आ रहे हैं।

बावन दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा गत 29 जून को दक्षिण कश्मीर के नुनवान पहलगाम और मध्य कश्मीर के बालटाल के दोहरे मार्गों से शुरू हुई थी। दक्षिणी कश्मीर में हिमालय पर स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा में अब तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बर्फानी बाबा के दर्शन कर चुके हैं और यह यात्रा 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी।

# 70 लाख के लागत से बना नया बाजार शेड लेकिन सड़क पर लग रहा है साप्ताहिक बाजार



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले में सप्ताह में एक दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजारों का बड़ा ही महत्व है।इन हाट-बाजारों में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग साग-भाजी बेचने पहुंचते हैं। किरंदुल नगरपालिका में इसके लिए शासन ने 70 लाख के लागत से नया बाजार शहर से कुछ दूरी पर 3 साल पहले ही बना दिया था पर अभी तक यहां बाजार शिफ्ट नहीं किया जा सका है।मुख्य सड़क पर जान जोखिम में डालकर ग्रामीण क्षेत्र से अपनी साग-भाजी बेचने पहुंचने वाले ग्रामीण बैठते हैं।यहीं से दिनभर लौह अयस्क से भरे ट्रक भी गुजरते हैं, जिससे यहां हमेशा हादसों की आशंका बनी रहती है। किरंदुल में हफ्ते में दो दिन रविवार और बुधवार को बाजार लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में अरनपुर, पालनार, टिकनपाल, चोलनार, मादड़ी सहित बैलाडीला पहाड़ के पीछे बसे गांव के लोग जरूरत पूरा करने और उत्पादन कर साग-सब्जी भी बेचने पहुंचते हैं। किरंदुल का साप्ताहिक बाजार अभी सड़क में लगता है। नगरपालिका द्वारा पूर्व में बाजार शिफ्ट करने का प्रयास किया गया था, पर सफलता नहीं मिली।

दरअसल यहां के व्यापारी गांधी नगर के पास बनाए गए बाजार को शहर से दूर होने की वजह बता यहां शिफ्ट करने का विरोध कर चुके हैं। बैलाडीला में जिस जगह में साप्ताहिक बाजार लगता है, वहीं धर्म कांटा भी है, जहां सैकड़ों ट्रक खड़े रहते हैं। बैलाडीला के ऊंचे नीचे रास्ते में कभी भी बाजार स्थल में हादसे की आशंका बनी रहती है। तहसीलदार जीबेश सोढ़ी ने बताया कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य सड़क पर दुकान लगा रहें व्यापारियों को

किरंदुल मेन मार्केट के अंदर ही बने शेड में शिफ्ट किए जाने हेतु नगरपालिका किरंदुल को जल्द ही आदेश जारी की जाएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय करें : सांसद महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com




सांसद शमहेश कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में बड़े.बड़े संकेतंक बोर्ड लगाने, स्पीड़ ब्रेकर, रेडियम, सीट बेल्ट, हेलमेट, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन के लिए जनजागरूकता सहित सभी आवश्यक उपाए करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए।

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोक निर्माण, राजस्व, नगर पंचायत, शिक्षा एवं यातायात पुलिस के समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी किशन मोहर ने प्रस्तुतीकरण के जरिए जिले के दुर्घटना संभावित चौराहों-तिराहों, मोड़, संकीर्ण पुल-पुलिया आदि की जानकारी दी तथा दुर्घटना रोकने के उपायों की जानकारी दी। गति अवरोधक, रम्बल स्ट्रीप लगाने एवं रोड मार्किंग, संकीर्ण पुल का चौड़ीकरण सहित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया गया वृक्षारोपण

**माकड़ी।** एक पेड़ माँ के नाम तहत आज कोंडागांव जिला विकासखंड माकड़ी के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परिसर करमरी में कार्यक्रम आयोजन कर ग्रामीण जन स्कूली छात्र/ छात्राओं एवं पखना बेड़ा वासियो के द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया उसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि जिन पौधे को आज लगया गया है उनके बड़े होते तक उसकी देखभाल करने एवं अपने आसपास के लोगो को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित भी करेंगे इस औसर पर संकुल समन्वयक श्रवण कुमार नाग, कोर्राम सर,मायावती मरकाम, जगदीस नायक, हर्षा राठोर , चारुलता नेताम, सम्मू लाल पेटल, गोविंद नेताम, जरहा नेताम मरकाम,नेहरू मरकाम, गणेश मरकाम, पैकरा सर एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# विधायक लता उसेंडी द्वारा वार्ड वासियों की समस्या का तत्काल किया गया निवारण



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विगत कई दिनों से कोंडागांव नगर के स्वामी विवेकानंद वार्ड के वार्ड वासियों के द्वारा जलभराव और गंदगी की शिकायत वार्ड के पार्षद को दी जा रही थी, परन्तु पार्षद द्वारा काम को लगातार टालने की वजह से वार्ड के लोगों ने विधायक से बात की, जिसके चलते विधायक द्वारा तत्काल नगरपालिका कर्मचारियों को जलभराव और गंदगी की स्थिति के बारे में अवगत कराया और उस समस्या का निवारण करने को कहा, जिसके तहत नगरपालिका के कर्मचारियों के द्वारा सुबह से सफाई अभियान चलाकर जलभराव की स्थिति को ठीक किया गया।

# प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेसी हुए नाराज, किया उग्र प्रदर्शन, फूंका मुख्यमत्री व स्वास्थ्य मंत्री का पुतला

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस के द्वारा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश नाग पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू के नेतृव में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्रदेश की विष्णु देव सरकार व स्वास्थ विभागकी घोर लावरवाही नाकामी की वजह से कवर्धा के सोनवाही के बैगा आदिवासीयों की मौत व बीजापुर के पोटाकेबिनो छोटे बच्चों की मौत को लेकर युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का पुतला फूंक का विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू व जिला महासचिव सुरेश नाग ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से स्वास्थ विभाग में कई प्रकार की लापरवाही हो रही है पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में लगातार मौत हो रही है कवर्धा के सोनवाही के विशेष संरक्षित जनजाति होने के बावजूद बैगा आदिवासीयों को सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है 5 मौत होने के बाद विष्णुदेव सरकार की नींद टूटी और तब जाकर सरकार ने वहा मच्छर दानी स्वस्थ परिक्षण व दवाई वितरण किया गया तक तक वहा 25लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए था बीजापुर के। पोटाकेबिनो में छोटे बच्चों की मौत स्वास्थ विभाग की घोर लापरवाही को दशाती है स्वास्थ विभाग की लचर व्यवस्था की वजह से आज प्रदेश भर में मौत हो रही है इस सरकार को इस्तीफा देकर प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए कवर्धा मेंआदिवासीयों की डायरिया से मौत हो रही है मुख्यमंत्री जी को भले कांग्रेस का विरोध करे पर कांग्रेस सरकार की अच्छी योजनों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए क्योंकि कांग्रेस की 5साल की सरकार में कभी ऐसा एक भी मामला नहीं आया ये पूरी तरह सरकार की घोर लापरवाही वह नाकामी को दशाती है इस प्रदर्शन में विशेष रूप से जिला महासचिव युवा कांग्रेस सुरेश नाग पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई पूर्व जिला महासचिव यूवा कांग्रेस चमन साहू जिला महासचिव तोहिद खान विधानसभा उपाध्यक्ष लोमेंद्र यादव जागेश्वर ठाकुर युवराज कुमेटी अभिषेक साहू ,दुर्गेश ,आशु पटेल आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में मनाया गया संपूर्णता अभियान उत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत चयनित 6 संकेतकों को आगामी तीन माह में संतृप्ति के लिए आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में लगातार विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर संबंधित विभागों का शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, टीबी, एनीमिया का परीक्षण और गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन व स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार व कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान पंजीयन व अन्य सेवाएं प्रदान किया जा रहा हैं। इस कड़ी में सोमवार को 6 ग्राम पंचायत क्रमशः बीजापुर, धारली, कुरलू बहार, हुक्क । बेड़ापाथरी और छतौड़ी में व मंगलवार को बागबेड़ा में संपूर्णता अभियान उत्सव का आयोजन किया गया। यहां पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग व कृषि विभाग से संबंधित संकेतकों और योजनाओं की संतृप्ति के लिए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि, अब तक आकांक्षी विकासखंड माकड़ी के 67 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायत में इसका आयोजन किया जा चुका है व लगातार अन्य ग्राम पंचायत में इसका आयोजन किया जाएगा ताकि समय पूर्व ही संतृप्तता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# किरंदुल में रोज़ाना मिल रहें हैं डेंगू के मरीज



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में पिछले जून महीने से लगातार डेंगू का कहर देखा जा रहा हैं।बता दें नगर में रोज़ाना डेंगू के नए मरीज मिल रहें हैं तथा डेंगू के रोकथाम के लिए किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों में छिड़काव एवम फोंगिंग करवाया जा रहा है। लेकिन इसका कोई भी सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिल रहा हैं।वीबीडी सुपरवाइजर पारसमणि मौर्या ने बताया कि मंगलवार को 70 डेंगू टेस्ट की गई जिसमें 02 पॉजिटिव तथा 80 मलेरिया टेस्ट की गई हैं जिसमें 04 पॉजिटिव मिले हैं।डेंगू मलेरिया के रोकथाम एवम नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य अमला जुटा हुआ हैं तथा लोगों से भी घर के आसपास साफ सफाई रखने एवम पानी का जमाव न होने देने हेतु समझाईश दी जा रहीं हैं।

# प्रवेश परीक्षा का गुण्डाधुर महाविद्यालय में किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में नेतृत्व साधना केंद्र के द्वारा लीड 36 प्रवेश परीक्षा का आयोजन 17 जुलाई को किया गया, जिसमें जिले के 29 परीक्षार्थी शामिल हुए। यह छत्तीसगढ़ के आर्थिक भौगोलिक रूप से पिछड़े 70 प्रतिभावान विद्यार्थियों को 2 वर्षीय सीजीपीएससी सीजीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क आवासीय कोचिंग उपलब्ध करने का एक उपक्रम है। इसमें चयनित अभ्यर्थियों को नेतृत्व साधना केंद्र द्वारा 2 साल की निशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। यह परीक्षा शशिभूषण कन्नौजे (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना कोंडागांव) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें निरीक्षक के रूप में लखेश्वर दीवान उपस्थित रहे। इस परीक्षा के सफल संचालन में छात्र देवेंद्र सेठिया, अजीत कुमार एवं रयतू कश्यप का विशेष योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य डॉ सीआर पटेल ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए बधाई दी साथ ही साथ विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

**फॉर्म जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति के लिए निमंत्रण**
**गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड**
**रायपुर छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट उद्योग का संचालन कर रहा है**
(भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के तहत)

| क्र. | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कॉर्पोरेट देनदार का नाम पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर के साथ | गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड PAN-AAJCS5883P CIN-04520CT2005 PLC017255 |
| 2 | पंजीकृत कार्यालय का पता | दुकान नं. 6 और 7, सेक्टर-1, स्ट्रीट-ए, गीके टाउनशिप, सीलतारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 |
| 3 | यूआरएल/वेबसाइट | उपलब्ध नहीं है |
| 4 | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | 'कल्पवृक्ष' कोलार और टेकारी, रायपुर में 'रोमनस्क्यू' ग्राम लाभांडी, रायपुर में |
| 5 | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | **कल्पवृक्ष-** RERA पंजीकृत रिसॉर्ट प्रकार की परियोजना 125 एकड़ में फैली हुई है, जिसमें से 62.6043 एकड़ कॉर्पोरेट देनदार के नाम पर पंजीकृत है **रोमनस्क्यू-** 152 आवासीय इकाइयाँ जिनमें से 109 ओमकारा एसेट्स कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई हैं, जिनमें से अधिकांश को बिना NOC प्राप्त किए बेचा गया है |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखापरीक्षित खातों के अनुसार वर्ष के लिए कुल राजस्व 342,88,984/- रुपये था। |
| 7 | कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या :- 0 कर्मचारी :- 0 |
| 8 | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (शेड्यूल के साथ), लेनदारों की सूची सहित अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध है : | समाधान पेशेवर को geekaycolonizers.ibc@gmail.com /slahiri0207@gmail.com पर ईमेल करके पूछा जा सकता है। |
| 9 | सहिता की धारा 25 (2) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है : | समाधान पेशेवर को geekaycolonizers.ibc@gmail.com /slahiri0207@gmail.com पर ईमेल करके पूछा जा सकता है। |
| 10 | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 03 अगस्त 2024 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 13 अगस्त 2024 |
| 12 | अनंतिम सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18 अगस्त 2024 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 28 अगस्त 2024 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 03 सितंबर 2024 |
| 15 | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | 03 अक्टूबर 2024 |
| 16 | सबमिट करने के लिए ईमेल आईडी प्रोसेस करें | geekaycolonizers.ibc@gmail.com |

एसडी/-
सौमित्र लाहिरी
**गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड** के मामले में रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00734/2017-2018/11232
फ्लैट 14डी और ई, टावर-32, जेनेक्स वैली, जोका, डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता 700104
ईमेल - slahiri0207@gmail.com, geekaycolonizers.ibc@gmail.com
फोन: +91 33 23903644, सेल: +91 8420969857
के लिए (गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड)
**स्थान : कोलकाता**
**दिनांक : 18 जुलाई 2024**

## घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेयरी का हुआ शुभारंभ

# बीजापुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है : मंत्री केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता संसदीय कार्य तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में जिले में शिक्षा के स्तर में व्यापक बदलाव लाने एवं अंदरूनी क्षेत्रों में पहली बार स्कूल खुलने की खुशी स्कूली बच्चों के उमंग और उत्साह का डाक्यूमेंट्री विडियो का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया। मंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीजापुर जिला अब शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छूने लगा है। छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच अब सुनिश्चित हो रही है। बीजापुर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें सही अवसर मिलना चाहिए केन्द्र और राज्य सरकार के योजना से समूचे बस्तर के आदिवासी बच्चों का भविष्य बेहतर हो रहा है। बीजापुर का नवोदय विद्यालय राज्य में दूसरे स्थान पर है यह जिले के लिए गर्व की बात है यहां केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में उच्चस्तर के शैक्षणिक संस्थान है जिससे जिले के बच्चों का बेहतर भविष्य तय हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा में व्यापक बदलाव आएगा शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने कई बड़े फैसले लिए है। स्कूलों की अद्योसंरचना, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण, गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन छात्रवृत्ति सहित तमाम योजनाएं बेहतर शिक्षा के लिए कारगर सिद्ध हो रही है।बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर के विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसे बुनियादि सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से बस्तर अब विकास की ओर अग्रसर है।

### घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेयरी

जिला प्रशासन के अभिनव पहल घर-घर पुस्तक, हर-घर लाइब्रेयरी का शुभारंभ मुख्य अतिथि केदार कश्यप द्वारा किया गया।नीति आयोग से प्राप्त राशि के द्वारा जिले के सभी घरों में कम से कम 10 पुस्तकें जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। यह पुस्तकें लोगों के मांग पर उनके मनपसंद साहित्यकारों का पुस्तके दी जाएगी। लोगों के मांग के अनुरूप पुस्तक की भाषा, विषय, साहित्यीक, दर्शन, सामान्य ज्ञान सहित सभी प्रकार की प्रत्येक इच्छानुसार पुस्तकें दी जाएगी। जिससे लोगों को अपने घर में ही लाईब्रेयरी का अनुभव हो सकेगा। घर-घर पुस्तक, हर-घर लाईब्रेयरी के शुभारंभ के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने लाभार्थियों को पुस्तक वितरण किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को एक भारत श्रेष्ठ भारत नामक पुस्तक एवं सांसद महेश कश्यप को वीर सावरकर के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट की।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, नीना रावतिया उद्दे, बी पुष्पाराव, वरिष्ठ नागरिक जी वेंकट, श्रीनिवास मुदलियार, पुलिस अधीक्षक डा. जितेन्द्र यादव, डीएफओ सामान्य रामाकृष्ण, उप निर्देशक इंद्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पत्रकार भवन हेतु सुरक्षित भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा का प्रयास

## पत्रकार जगत में नाराजगी, राजस्व मंत्री का करीबी का देता धौंस

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



पत्रकार भवन निर्माण हेतु सुरक्षित जमीन पर सत्ता धारी पार्टी से जुड़े ब्यक्ति के द्वारा दबंगता पूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है ।जिसके चलते पत्रकार जगत में नाराजगी व्याप्त है वहीं पत्रकारों ने राजनीतिक पावर का दुरूपयोग करने वाले लोगों पर भी शिकंजा कसने की मांग किया है । गौरतलब हो? कि रायपुर जिला, तिल्दा -नेवरा नगरपालिका क्षेत्र में वर्षों से सुरक्षित की गई शासकीय जमीन को छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन ने पत्रकार भवन हेतु नियमानुसार मांग किया है ।उस भूमि पर दबंगता पूर्वक कब्जा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है ।बता देवे कि कथित अतिक्रमण धारी द्वारा पूर्व में भी उक्त भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया गया ,जिसका पुरजोर विरोध हुआ । सत्ता परिवर्तन होते ही पुनः इनके द्वारा दबंगता पूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है ।जबकि उक्त भूमि में पत्रकार भवन निर्माण हेतु प्रशासन से मांग किया गया है ,जिसकी प्रकरण लंबित है । उसके बावजूद अतिक्रमणधारी ब्यक्ति के द्वारा सत्ताधारी पार्टी के नेताओं का संरक्षण का हवाला देकर दबंगता से कब्ज़ा करने का प्रयास किया जा रहा है । इस मामले से आक्रोशित पत्रकारों ने पत्रकार हित मे आंदोलन करने की तैयारी में लगे हुए हैं। किंवदंती हो कि तिल्दा-नेवरा क्षेत्र ,बलौदा बाजार विधानसभा के अंतर्गत समाहित है। जहां का विधायक राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा है , जिन्होंने राजस्व विभाग को स्पष्ट आदेश किया है कि निष्पक्ष रूप से शासकीय जमीन पर से अतिक्रमण हटाया जावे । केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के इस फरमान से भू माफियाओं का धड़कने तेज हो गया है लेकिन वहीं पर कुछ लोग सत्ताधारी पार्टी के करीबी का हवाला देकर केबिनेट मंत्री के फतवा को भी झुठलाने में लगे हुए हैं । इस मामले पर क्षेत्रवासियों के जेहन से यही सवाल उठ रहा है कि राजस्व मंत्री का यह आदेश महज़ गैर भाजपाईयो के लिए है क्या? एक तरफ संबंधित विभाग भी ठान लिया है कि किसी भी सूरत में अतिक्रमण पर रोक लगावी जावेगी । लेकिन वहीं पर कुछ लोग भाजपा नेताओ से नजदीकी का दंभ भरते हुए शासकीय जमीनो? पर कब्जा कर खरीद फरोख्त कर रहे हैं । जिसके चलते कहीं ना कहीं राजस्व मंत्री के दामन पर छीटे पड़ रहे हैं । इधर क्षेत्रवासियों का तर्क है कि राजस्व मंत्री हालांकि भाजपा के टिकट से चुनाव जीतकर आये है , लेकिन जिस कुर्सी पर वह बैठे हैं वह निष्पक्ष है । उसके लिए पुरे क्षेत्रवासियों के लिए निगाहें एक है , फिर भी कुछ लोग मंत्री के छबि धुमिल करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं । इस मसले पर छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन ने मांग किया है । कि ऐसे मौकापरस्त लोगों के गतिविधियों पर लगाम कसी जावे । जिससे लोगों के ऊपर शासन प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे ।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने धरना देकर उप तहसील पटेवा का किया घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



उप तहसील पटेवा में व्याप्त प्रशासनिक स्वेच्छाचारिता व मनमानी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उप तहसील पटेवा का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जनों व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में उप तहसील में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया। तहसील कार्यालयों में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि उप तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी, गरीब किसानों को अपना कार्य कराने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा के साय सरकार में आज तहसील से जुड़ा कोई भी काम अधिकारियों की जेब गर्म करे बिना नहीं हो रहा। उप तहसील में तमाम प्रमाण पत्रों आय जाति निवास से लेकर भूमि संबंधी कार्य होते हैं। जो बिना पैसा दिए नहीं हो रहे। अधिकारी दस्तावेजों में कमी निकाल कर फाइल दबा देते हैं, और जब तक आदमी मजबूर होकर उनकी जेब गर्म नहीं कर देता तब तक उसे परेशान करते रहते हैं। आज जिला मुख्यालय स्थित तहसील दफ्तर भी भ्रष्टाचार स्थली बन गई है। यहां तक नौबत आ गई है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को जिला मुख्यालय महासमुंद के तहसील दफ्तर में स्वयं लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाना पड़ रहा है। इससे यह साफ है कि भाजपा शासन में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है। चंद्राकर ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस संजीदगी व प्रशासनिक कसावट के साथ 5 साल छग में पारदर्शिता पूर्ण व्यवस्था बनाई थी वह व्यवस्था भाजपा सरकार के आते ही बिगड़ गई है। कांग्रेस हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है, तथा उन्हें न्याय दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ने से भी पीछे नहीं हटेगी। धरना आंदोलन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊ लाल चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष खिलवान साहू तुमगाव के पार्षद केके साहू, कपिल साहू,ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, मीडिया प्रभारी आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर नपा तुमगाव पार्षद जी गजेंद्र साहू साहू, माणिक साहू, रमन सिंह ठाकुर ,खिलावन ध्रुव,रोशन पटेल प्रेम सागर, खोरबहरा साहू बोढ़रा, नवदीप चंद्राकर,जगत देवदास,माया राम टंडन,राम जी ध्रुव,राम भजन नायक,भागवत यादव ,लोकेश साहू, राजू ध्रुव, जनपद सदस्य हेमंत डडसेना, भागवत यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी अतुल गुप्ता, संतोष साहू ,राजा गंभीर ,प्रेमलाल टंडन ,कृष्ण कुमार नर्मदा,चमन ध्रुव, गंगा राम पटेल ,खोम सिन्हा,,प्रहलाद ध्रुव, भोले राम गांधर्व,सहित सैकड़ों कांग्रेसी व पटेवा क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से शत प्रतिशत हितग्राही को करे लाभांवित,सुपोषण अभियान में न बरते कोताही : कलेक्टर

## कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने आज कलेक्टोरेट सभागार में महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा में विभागीय कार्य से संतुष्ट होते हुए विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होने महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभांवित करते हुए जिन महिलाओं के खाते में योजनाओं के तहत राशि बैक खाते में नही पहुंच पा रहा है उनका आधार संबधित तकनीकी समस्याओं का शीघ्र ही दूर करने की बात कहीं है। साथ ही सभी महिलाओं को जिनका आधार 10 वर्षो से अपडेट नही हुआ है उनको अपडेट कराने हेतु प्रेरित करने कहा गया है. इसके साथ ही सुपोषण अभियान में कोताही नही बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सोनी ने बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में आंगनबाड़ी केद्रों और वहां दर्ज हो रहे बच्चों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होने विभागीय अधिकारियों को जिले के शहरी, मैदानी एवं वनांचल क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केद्रों में वहां दर्ज बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए है। उन्होने आगें कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन को मुख्य उद्देश्य वहां दर्ज बच्चों को बेहतर देखभाल के साथ सुपोषण अभियान सहित बच्चों का मानसिक, शारीरिक तथा बौद्धिक विकास का विशेष बल देना है। साथ ही विभागीय योजनाओं के माध्यम से शिशुवती तथा गर्भवती माताओं को उचित ख्याल तथा समय-समय पर टीकाकरण और विभागीय योजनाओं का लाभ देना है। कलेक्टर बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान वहां दर्ज बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति नहीं दिखाई देती,यह बेहद ही चिंता का विषय है। हमें सबसे पहले वहां दर्ज बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर देने की जरूरत है।

# जन्मशताब्दि व गुरुपूर्णिमा पर्व के पूर्व सवालाख गायत्री मन्त्र जप साधना कार्यक्रम की हुई शुरूआत



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार, गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में परम् वन्दनीया माता जी मातृत्व शक्ति के जन्मशताब्दि व गुरुपूर्णिमा पर्व के पूर्व सवालाख गायत्री मन्त्र जप साधना कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिसमें मुख्य रूप से सहायक प्रबन्ध ट्रस्टी व जिला महिला मण्डल प्रमुख खिलेश्वरी किरण, शकुन कश्यप, सावित्री पटेल, सुशीला छाटा, माया साहू, यशोदा साहू, प्रमिला साहू, सरिता सिन्हा, अलका तारम, विमला साहू ,रेखा सन्हा,धनेश्वरी साहू , निर्मला कश्यप ,गीता साहू,राज कुमार साहू, शेखन साहू ,माखन लाल साहू, राम किशोर तारम,युवा प्रकोष्ट व कार्यलय प्रभारी गजानन्द साहू सहित गायत्री परिजन उपस्तिथित रहे। आद्य शक्ति माँ गायत्री के समक्ष साधना आगामी गुरुपूर्णिमा तक नियमित रूप से करने है विधिवत संकल्प लेकर प्रारम्भ हुई।

# गोंड राजे डॉ बीरशाह कृष्णाशाह आत्राम चाँदागढ गोंडवाना गोंड महासभा महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा महाराष्ट्र राज्य के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने हेतु गोंड राजे डॉ बीरशाह कृष्णाशाह आत्राम चंद्रपुर चाँदागढ को गोंडवाना गोंड महासभा महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी द्वारा नियुक्ति आदेश जारी की गई है। शोरी ने कहा कि आत्राम महाराष्ट्र राज्य में संगठन विस्तार का कार्य करेंगे एवं समय.समय पर महासभा द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव, दिवाकर पेंदाम द्वारा आत्राम को बधाई प्रेषित करते हुए महासभा को महाराष्ट्र में मजबूती से खड़ा करने में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा किए।

# चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश हुआ



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पुज्य आध्यात्म योगी उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागर म सा युवा मनिषी प पु मनीष सागर जी म.सा. के सुशिष्य प.पु. विशुद्ध सागर जी म. सा. पं.पु पुण्यवर्धन सागर जी म.सा. जीतवर्धन सागर जी म.सा. आदि ठाणा 3 का चातुर्मास हेतु धरम की नगरी धमतरी में मंगलप्रवेश प्रातः 8:30 बजे सिहावा चौक से प्रारंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए इतवारी बाजार पार्श्वनाथ जिनालय पहुंचा। चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश के प्रवेश पर बडी संख्या में समाजजन महिलाए, पुरूष, बच्चे उपस्थित थे प्रवेश में छोटे छोंटे बच्चे हाथ में जैन ध्वाजा लेकर स्केटिंग के माध्यम से परम पुज्य साधुगणो का महावीर स्वामी के जयघोष के साथ जोशीला स्वागत किया। गौरतलब रहे कि सनातन धर्म में वर्षाकाल के दौरान सभी साधु साध्वी एक जगह स्थिर रहते हैं और वर्षाकाल के दौरान तप, ध्यान, साधना, योग, आदि करने का सुनहरना अवसर मना जाता है। मंगल प्रवेश पश्चात प.पू. विशुद्ध सागर जी म. सा ने कहा कि सभी आत्म विकास की ओर अग्रसर हो। मंगल प्रवेश पर समाजजन व शहर वासियों में उत्साह के संबंध में उन्होने कहा कि जब हम फल प्राप्ति की ओर अग्रसर हो तभी यह सार्थक होगा। यह आज तो सिर्फ मंगल प्रवेश हुआ है इसके पश्चात पूरा चातुर्मास बाकी है। मंगल प्रवेश के पश्चात मंगला कार्यक्रम, स्वर्गारोहण के उपलब्ध में दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा पार्श्वनाथा जिनालय में दोपहर को जैन मणिधारी मित्र मंडल द्वारा कराई गई ज्ञात हो कि चातुर्मास के तहत पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार मे प्रवचन होगा। साथ ही विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराए जाएंगे। उक्त आयोजन जैन श्वेताम्बर मूर्तिक पूजक संघ धमतरी व चातुर्मास व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। देवशयनी एकादशी के साथ ही आज से देवताओं का सुसुप्त अवस्था मे चले जाने का पुरातनकालीन मान्यता चली आ रही है जिसे चातुर्मास के रूप में तप, जप,आराधना साधना एवं पूजा के लिए सर्वश्रेष्ठ महीने के रूप में शास्त्रों में भी उल्लेख मिलता है इस चार माह में साधु संत ऋषि मुनि एक जगह रहकर धार्मिक क्रियाओं में लीन होते हैं तथा विहार ना करते हुए एक जगह निवासरत होते हैं।

# नदी का पानी अचानक प्रदूषित होने से लाखो के तदाद मे मरे जल जीव



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिवनाथ नदी के अंतर्गत नदी का पानी किसी कारण वश प्रदूषित होने के कारण नदी की मछ्ली लाखों की संख्या मे मरी हुई पडी है जो की मंकू व्दीप, मेन्डरा, लमती, कोनी बंजर स्थित नदी किनारे के छोर तक मृत प्राय मछलियों को देखा जा सकता है। वही ग्रामीणों के अनुसार कुछ लोग मछ्ली को खाने के लिये भी ले जाते हुये देखे गए। प्रशासन उक्त गम्भीर स्थिति को देखते हुये स्वास्थ्य के नजरिये से उक्त परिस्थिति पर अविलम्ब ध्यान देकर किसी भी विकट स्थिति को निर्मित होने से नियंत्रित करे उक्त परिस्थिति के कारण डायरिया हैजा जैसी बीमारी निर्मित ना हो सके।

### गाँवों वालों का अंदेशा प्लांट का गंदा जहरीला पानी नदी मे प्रवेश

वही कोनी गाँव के पंच नेतराम वर्मा ने संभावना जताते हुये कहा कि नदी किनारे स्थित धूमा बियर प्लांट का गंदा पानी नदी मे मिश्रित हो चुका है जिसके कारण भारी तदाद मे नदी के जलजीव मछली मरी पडी हुई है अगर समय रहते ध्यान नही दिया जाता तो कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है।

### कलेक्टर ने लिया संज्ञान

उक्त सम्बंध मे कलेक्टर को अवगत कराये जाने पर तत्काल टीम घटनास्थल की और भेजे जाने की बात कलेक्टर दीपक सोनी ने कही।

# बसना क्षेत्र में बारिश कम होने से खेती किसानी का कार्य प्रभावित



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना तहसील क्षेत्र के भंवरपुर, सागरपाली, जमदरहा आर आई क्षेत्र में बारिश कम होने से खेती किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिन्होंने खुर्रा बोनी पद्धति से धान की बुवाई की है उनके धान अब रोपा बियासी के लायक हो चुका है। किसान इस समय बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं मगर बारिश नहीं होने के कारण किसानों में मायूसी है। कई किसानों ने रोपा के लिए नर्सरी तैयार कर लिए हैं मगर उनके खेतों में पानी नहीं भर पाने के कारण से रोपा लगाने का काम नहीं हो पा रहा है। इधर कई किसानों ने लईहारा पद्धति से बोआई की आस में थे मगर अच्छी बारिश नहीं होने के कारण से बुवाई भी नहीं कर पाए हैं। अब दूसरी पद्धति का सहारा लेना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय अच्छी बारिश की आवश्यकता है। जिनके पास ट्यूबवेल की सुविधा है उन्हे भी परेशानी हो रही है।

### दवा छिड़काव के लिए भी पानी नहीं

पानी के अभाव में किसानों को खेतों में खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव करने में परेशानी हो रही है। खेतों में पानी नहीं होने के कारण स्प्रेयर में पानी भरने के लिए दूर से पानी लाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव नहीं कर पाने के चलते ही खेतों में खरपतवार बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। खरपतवार की वजह से धान के पौधों में अपेक्षित वृद्धि नहीं पा रहा है। खेतों में धान से ज्यादा खरपतवार उगने से धान का उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है।

### विद्युत कटौती से परेशान

बारिश कम होने से किसान ट्यूबवेल के माध्यम से रोपा बियासी के कार्य को संपन्न कराने की जुगत में है मगर इन दोनों हो रही बेतहासा विद्युत कटौती से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि पंप ठीक से चल नहीं पा रहे हैं जिसके कारण से सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि लो वोल्टेज एवं विद्युत कटौती के चलते बार-बार मोटर खराब हो रहे हैं जिसके चलते उन्हें आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। पूरा अंचल इस समय खंड वर्षा की वजह से सुखे जैसे हालात बन रहे हैं। मानसून की दगाबाजी के चलते किसानी कार्य पिछड़ता जा रहा है। सागरपाली के कृषक वृंदावन साहू ने बताया कि इस समय न तो रोपाई के लिए अवसर मिल पा रहा है न ही बुवाई के लिए। नर्सरी तैयार करना चाहता था लेकिन पानी नहीं गिरने के कारण से नर्सरी तैयार नहीं हो पाया। इसके चलते मजबूरी में बोना पड़ रहा है। रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि अच्छी बारिश नहीं होने के कारण से खेतों में पानी नहीं भर पा रहा है। ऊपर से लो वोल्टेज की समस्या से और भी परेशानी बढ़ रही है।

## विधानसभा घेराव के कांग्रेस के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताया

# रूपकुमारी ने दागा सवाल : कांग्रेस आज किस मुंह से कानून-व्यवस्था के नाम पर कर रही अनर्गल प्रलाप

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताते हुए कहा है कि प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सतत ठोस कदम उठा रही है और मुद्दाविहीन हो चली कांग्रेस इसमें ओछी राजनीति कर रही है। चौधरी ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेताओं को अपने पिछले शासनकाल के आईने में अपने नाकारापन की सच्चाई देखना चाहिए, जब पूरा प्रदेश अपराधगढ़ बन गया था और प्रदेश के तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपराधों की रोकथाम के मामले में अपने हाथ खड़े कर दिए थे। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि आज भाजपा सरकार में प्रदेश को एक ऐसा दृढ़ निश्चयी गृहमंत्री मिला है, जो न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है, अपितु प्रदेश को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में तेजी और सख्ती से पहल कर रहा है। चौधरी ने कहा कि दरअसल कानून-व्यवस्था तो कांग्रेस के लिए एक बहाना भर है, मूल बात यह है कि जिन नक्सलियों के साथ कांग्रेसियों का भाईचारा है, वे नक्सली कांग्रेस की दुखती रग हैं, और उनके समूल उन्मूलन के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा संकल्पित हैं और कांग्रेसी कानून-व्यवस्था का प्रलाप मचाकर श्री शर्मा के खिलाफ एक साजिशाना और झूठा नैरेटिव चला रहे हैं। चौधरी ने कहा कि बीजापुर का कांग्रेसी नेता तेलंगाना में हार्डकोर नक्सली के साथ पकड़ा गया था और यहां भूपेश सरकार के मंत्री उसके अपहरण की कहानी सुना रहे थे! कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में 1 माह में चार भाजपा पदाधिकारियों की टारगेट किलिंग हुई थी। इससे अधिक शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि झारखंड के गैंगस्टर भी छत्तीसगढ़ के कारोबारियों को वसूली के लिए धमाके करके धमका रहे थे। जब भूपेश बघेल सहित चार तत्कालीन मंत्री अपने जिले को नहीं संभाल पा रहे थे तो कांग्रेसी बताएँ कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति का धनी-धोरी कौन था? कांग्रेस के नेताओं को शर्म महसूस करनी चाहिए कि उनके शासनकाल में न केवल माफिया राज, गुंडागर्दी बढ़ी, बल्कि प्रदेश के नागरिकों का आत्म-सम्मान के साथ सुरक्षित जीना तक दूभर हो गया था। हर तरह के अपराधों की तो बाढ़ आ गई थी। आज कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों के प्रलाप से यह साफहो रहा है कि कांग्रेस ऐसे मामलों में गंदी और ओछी राजनीतिक सोच का प्रदर्शन भर कर रही है। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि जिस कांग्रेस के राज में छत्तीसगढ़ का कवर्धा साम्प्रदायिक दंगे की आग में झुलस गया, जिस कांग्रेस के राज में जबरिया धर्मांतरण के चलते आदिवासियों में वर्ग-संघर्ष के खतरनाक हालात पैदा हो गए थे, जिस कांग्रेस के राज में लव जिहाद के नाम पर बिरनपुर में मस्जिद के अंदर भुनेश्वर साहू की मॉब लिंचिंग कर दर्दनाक हत्या की गई, जिस कांग्रेस के राज में 'हिन्दुस्तान जिंदाबाद' कहने पर भिलाई में एक सिख युवक की सरेआम हत्या करके उसके शव के साथ तक बदसलूकी की गई, जिस कांग्रेस के राज में मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं की अस्मत सरेआम लहूलुहान होती रही, जिस कांग्रेस के राज में रक्षाबंधन के दिन दो बहनों के साथ दरिंदगी हुई और उसके आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने के लिए कांग्रेस के लोग हाथ-पैर मारते देखे गए, जिस कांग्रेस के राज में शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका सामूहिक यौन दुष्कर्म की शिकार हुई, जिसमें एक आरोपी कांग्रेस का नेता था, जिस कांग्रेस के राज में महिला दिवस के दिन राजधानी में महिलाओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा की गई, वह कांग्रेस आज किस मुँह से कानून-व्यवस्था के नाम पर अनर्गल प्रलाप कर रही है? चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में तो पुलिस इंस्पैक्टर बालिका छात्रावास में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करते थे। कई संगीन अपराधों में कांग्रेस नेता या उनके परिजनों की संलिप्तता को प्रदेश भूला नहीं है। इन अपराधियों को कांग्रेस की तत्कालीन भूपेश सरकार राजनीतिक संरक्षण देती नजर आ रही थी। नारी सुरक्षा और नारी आत्मसम्मान पर प्रहार की तो भूपेश शासन में पूरी-की-पूरी एक परिपाटी बन गई थी। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि सत्ता के नशे में कांग्रेसी इतने चूर हो गए थे कि कानून हाथ में लेने में भी उन्हें कोई संकोच नहीं रह गया था। कांग्रेस सरकार के समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। तत्कालीन कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह एक बैंक कर्मचारी को थप्पड़ मारते एक वायरल वीडियो में दिखाई दिए। रेत माफियाओं ने भाजपा पदाधिकारी के पैर पर गंभीर वार कर तोड़ दिए थे। राजधानी रायपुर में तो सरेराह खून से लथपथ एक नाबालिग युवती के बाल खींचते हुए हाथ में कटार लिए अधेड़ घूमता रहा। चौधरी ने कहा कि हालात इतने बदतर हो चले थे कि भूपेश सरकार को रासुका लगाने जैसा पाखंड करना पड़ा? रासुका लगाकर कांग्रेस सरकार खुद भी यह मान चुकी थी कि प्रदेश की कानून-व्यस्था उसके नियंत्रण से बाहर चली गई है और लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने के अपने मूल दायित्व को निभाने में सरकार विफल हुई थी। अपराधी पुलिस की नाक के नीचे संगठित गिरोह बनाकर तमाम अपराध कर रहे थे।

# निपानिया चौकी प्रभारी के कार मे देर रात अज्ञात तत्वों ने लगाई आग

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



निपनिया चौकी प्रभारी की कार को देर रात अज्ञात तत्वों ने आग के हवाले कर दिया. आगजनी की सूचना पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके तक पहुंचती तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी. फिलहाल, आग कैसे लगी और किसने लगाई, यह तो पता नहीं चला है. पुलिस के फारेंसिक टीम द्वारा उक्त मामले की जाँच की जा रही है घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी है मिली जानकारी के अनुसार निपनिया चौकी प्रभारी किशुन कुम्भकार के घर के सामने गाडी नम्बर सीजी 09 जेएम 6562 खड़ी कार स्कूटा में देर रात किसी अज्ञात आरोपी ने आग लगा दी. कार से आग उठते देख भाटापारा नगरपालिका के फायर ब्रिगेड की टीम फोन किया गया, लेकिन न तो सीएमओ और न ही फायर टीम ने फोन रिसीव किया. आखिरकार निपनिया से 45 किमी दूर स्थित अमेरा की फायर ब्रिगेड को फोन किया गया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक कार पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी उक्त घटना से अराधिक प्रवृत्ति के लोगों के इस प्रकार के कृत्य अचंभित भी हुये जिस पर सबकी सुरक्षा की जवाबदारी है उस पर भी इस तरहा की कृत्य कर देना अपराधिक तत्वो के द्वारा एक प्रकार से चुनौती है और अपराधिक तत्वों का जल्द से जल्द पकडाया जाना पुलिस प्रशासन के लिये भी किसी चुनौती से कम नही।

# 21 लाख से होगा वार्ड 01 डबरापारा में सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली-पुलिया का निर्माण, विधायक एवं महापौर द्वारा किया भूमिपूजन

## क्षेत्रवासियों मेंभारी उत्साह,पार्षद समेत सभी ने विधायक एवं महापौर का किया आभार व्यक्त







**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेंश यादव, पार्षद मनीष साहू, बिजयेन्द्र भारद्वाज, कमल देवांगन, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी, करण यादव के अलावा अधिक संख्या में नागरिकों के बीच विधि विधान से वार्ड क्रमांक 01 में विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया।बता दे कि आज वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं पंचशील नगर, डबरापरा नाली, पुलिया निर्माण कार्य विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य समय अवधि में पूर्ण किया जाए, ताकि वार्ड के नागरिकों को आवगमन में अच्छी सुविधा मिल सके।उन्होंने ने कहा कि राज्य शासन से विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद लगातार भूमिपूजन किया जा रहे है एवं छुटे हुए वार्डो में भी विकास कार्य किये जायेंगे।उन्होंने ये भी कहा कि विकास कार्यो की रफ्तार रुकेगी नही। कार्यक्रम में अधिक संख्या में नागरिकगण भी मौजूद रहें।वार्ड क्रमांक 1 नया पारा रोड पंचशील नगर सीसी रोड निर्माण एवं डबरा पारा नाली पुलिया बस्ती पहुंच मार्ग तक 21 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क व नाली/पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।उन्होंने कहा कि पक्की सड़क व पुलिया बनने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।भूमिपूजन होने से क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह रहा। वार्ड पार्षद मनीष साहू समेत क्षेत्र के नागरिको ने विधायक गजेंद्र यादव एवं धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण संतुलन से ही जीव जगत का कल्याण संभव है



**पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़**
www.dailypioneer.com

पेड़ पौधे पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए तथा शासन द्वारा चलाई जा रही अभियान "एक वृक्ष मां के नाम" के तहत आज मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गुरचहवा, विकासखंड मनेंद्रगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेंद्रगढ़ सुरेंद्र जायसवाल , एबीईओ अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, मंडल संयोजक संजय श्रीवास्तव तथा जागो सेवा संस्थान बंजी के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह,संस्था के सचिव नभाग सिंह , वरिष्ठ कृषि अधिकारी बैकुंठपुर पुष्कर लाल तिवारी के आतिथ्य में विद्यालय परिसर में उपस्थित अतिथियों द्वारा और विद्यालय के बच्चे, पालक एवं शिक्षकों के द्वारा उत्साह पूर्वक फलदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में वृक्षारोपण के पश्चात बच्चों के समक्ष पुष्कर लाल तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे मित्र हैं, जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में कई प्रकार से हमारे लिए उपयोगी हैं। उन्होंने आगे कहा कि सारा विश्व आज पर्यावरण असंतुलन के चपेट में है इसका प्रमुख उपाय यही है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगायें जाएं। पर्यावरण पर आधारित एक बहुत सुंदर कविता सुनाई जिसे सुन सभी बच्चे मंत्र मुग्ध हो गए। अपने संबोधन में परमेश्वर सिंह ने कहा कि ऐसे छोटे छोटे प्रयास ही बड़े काम के हो सकते हैं। हम सबको मिलकर अपने गांव को हरा-भरा एवं सशक्त और समृद्ध बनाना है।

# मेडिकल स्टोर्स संचालक पर सड़क किनारे मलबा रखने पर लगा जुर्माना,स्वच्छता पर निगम सजग





**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के सख्त निर्देश के बाद लगातार स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन हर स्तर पर मानीटरिंग कर रही है।इस कड़ी में निगम कर्मी परम एवं एमएस धर्मकार ने अमले के साथ बुधवार को भवन निर्माण सामग्री का मलबा रखे जाने के मामले में निरन्तर निगरानी के तहत वार्ड क्रमांक 28 हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स में जैनम मेडिकोज के द्वारा अवागमन क्षेत्र में सी एंड डी वेस्ट रेत व गिट्टी रखने पर 500 रुपये जुर्माना वसूला गया है।

साथ ही निरीक्षण के दौरान क्षेत्र बॉस पारा निवासी लालजी साहू द्वारा घर के मलबे को गली में डालते हुए पकड़ा गया उन्हें भी तत्काल 500 रुपये का जुर्माना भरना पड़ा। ज्ञात हो कि निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता को लेकर शहर वासियों को निरंतर हिदायत दी जा रही है कि वे खुले में कचरा ना फेंके और ना ही सड़क अथवा सड़क किनारे भवन निर्माण सामग्री रखें।भवन निर्माण सामग्री अथवा मलबा रखे जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है।निगम अमले ने उक्त मेडिकल संचालक पर जुर्माना लगाने के साथ ही सड़क किनारे रखे मलबा को शाम तक हटाने निर्देशित किया है।

# बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम की शिकायत लंबित, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एमसीबी कलेक्टर को लिखा पत्र

**पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़**
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का 26 अप्रैल 2024 को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदारीपारा चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम को रद्द किये जाने के संबंध में की गई शिकायत पर कार्यवाही के बारे में कोई जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नहीं दी जा रही है। इस संबंध में शिकायतकर्ता मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव द्वारा लिखे गए पत्र पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर पीएस ध्रुव के द्वारा संज्ञान लिया गया है। उन्होंने एमसीबी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि अशोक श्रीवास्तव के शिकायत पत्र में उल्लेखित विषय वस्तु/ बिन्दुओं की जांच कर प्रतिवेदन नियत समय सीमा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अनेकों बार ऑनलाइन/व्हाट्सअप के माध्यम से शिकायत के संबंध में प्रतिवेदन भेजने हेतु स्मरण कराये जाने के उपरांत भी शिकायत के संबंध में आपके स्तर पर की गई कार्यवाही/ प्रतिवेदन आज दिनांक तक अपेक्षित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया है कि अशोक श्रीवास्तव के उपरोक्त शिकायत के संबंध में उल्लेखित विषय वस्तु/ बिन्दुओं की यथाशीघ्र जांच कर की गई कार्यवाही से सीधे शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। शिकायतकर्ता अशोक श्रीवास्तव को कहा गया है कि वे कार्यवाही के संबंध में सीधे कलेक्टर एमसीबी से पत्राचार करें।

# हास्ययोग का 12वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन जबलपुर में

**पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़**
www.dailypioneer.com



हास्ययोग सेवा समिति के अध्यक्ष जसबीर सिंह कालरा ने विज्ञप्ति जारी कर जिले के समस्त हास्ययोग प्रेमियों को अवगत कराते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है. कालरा ने बताया कि हास्ययोग केन्द्र भारत द्वारा मध्यप्रदेश की संस्कारधानी तथा पूर्णप्रद नर्मदा नगरी जबलपुर स्थित - शॉन एलिजी रिसोर्ट (पॉच सितारा हॉटल) में 25 से 28 सितम्बर 2024 (4 दिवसीय) हास्ययोग साधना का 12वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हास्ययोग तथा आयुर्वेद पर कार्यशाला, विशेष जलयोग एवं जबलपुर परिभ्रमण के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संदर्भ में समिति के सचिव डॉ राजपति त्रिपाठी ने कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एम.सी.बी. जिले के समस्त हास्ययोगियों से अनुरोध किया है कि हास्ययोग साधना सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर बौद्धिक ज्ञानवर्धन एवं स्वास्थ्य लाभ लेते हुए जीवन को आनंदित एवं रोगमुक्त बनावें साथ ही यह भी अवगत कराया है कि सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक व्यक्ति जसबीर सिंह कालरा अथवा राकेश अग्रवाल से सम्पर्क कर यथाशीघ्र पंजीयन कराया जाकर स्थान सुरक्षित करा लें।

# खदान मजदूर संघ भिलाई के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक नंदिनी खदान में संपन्न

**पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com




भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ भिलाई के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक नंदिनी खदान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष (केंद्रीय) एम.पी.सिंह ने की और संचालन संघ के महामंत्री उमेश कुमार मिश्रा ने की। बैठक में विशेष रूप से छ.ग. प्रदेश भा.म.सं. महामंत्री दिनेश पांडेय. दुर्ग भा.म.सं. जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी एवं भा.म.सं. बालोद जिला मंत्री मुस्ताक अहमद एवं प्रदेश पर्यावरण संयोजक लखनलाल चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में राजहरा, नंदिनी, हिर्री, किरंदुल एवं बचेली से आये पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मियों एवं संगठन के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और प्रस्ताव पारित किये गए। बैठक ख़त्म होने के बाद खदान मजदूर संघ भिलाई के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा नंदिनी क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कुरसेवाड का सम्मान भी किया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष (केंद्रीय) एम.पी.सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माँ भारती, भगवान विश्वकर्मा और भा.म.सं. के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के फोटो पर माल्यार्पण के साथ की गयी। उसके बाद संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सहगल के द्वारा गीत लिया गया। तदुपरांत भा.म.सं. के प्रदेश महामंत्री, दुर्ग एवं बालोद जिला मंत्री और अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद बैठक की शुरुवात की गयी जिसमें अध्यक्ष की अनुमति से महामंत्री उमेश मिश्रा द्वारा कई प्रस्ताव रखे गए जिन्हे उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित की जिनमें से प्रमुख प्रस्ताव इस प्रकार से हैं - संघ के विधान की धारा (2.1) के अनुसार संघ का विस्तार छ.ग. के विभिन्न नॉन-कोल् माइंस में करने हेतु प्रस्ताव पारित की गयी जिसके अंतर्गत बैलाडीला में एनएमडीसी की दो खदान किरंदुल लौह अयस्क खदान एवं बचेली के लौह अयस्क खदान में संघ की शाखा विस्तार को सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान करते हुए इन खदानों से दो-दो सदस्यों को संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी में जगह देने की भी अनुमति प्रदान कर दी गयी। विगत काफी दिनों से केंद्रीय कार्यकारिणी में 06 पद रिक्त पड़े थे। ये पद सदस्यों के ट्रांसफर/इ-0 प्रमोशन/सदस्यों के स्वास्थ अथवा व्यक्तिगत वजहों से इस्तीफा देने से रिक्त हुआ था। संघ के विधान की धारा 19 के तहत इन रिक्त पदों को मनोनयन द्वारा भरने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित की गयी जिसमें संघ के अध्यक्ष (केंद्रीय) एवं महामंत्री को मनोनयन करने का अधिकार दिया गया। इसके बाद इन 06 रिक्त पदों पर मनोनयन का कार्य सर्वसम्मति से पूरा किया गया। नए मनोनीत सदस्य के नाम और पद की विधिवत घोषणा भी कुछ और संगठनात्मक कारवाई पूर्ण करने के बाद जल्द ही कर दी जाएगी। नंदिनी खदान में बीएसपी प्रबंधन द्वारा मेसर्स जे.के.लक्ष्मी सीमेंट को रेल लाइन हेतु 1.74 हेक्टेयर भूमि लीज पर दी गयी है जिसके लिए संभवतः केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बनाये गए नियम और कानूनों की अनदेखी की गयी है। ऐसी शिकायत संघ को मिली थी जिसकी जांच के उपरान्त प्रथम दृष्ट्या शिकायत सही लग रही है और इसकी गहन जांच की आवश्यकता संघ महसून करता है। इस सन्दर्भ में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि इस मामले की जांच हेतु संघ के केंद्रीय अध्यक्ष और महामंत्री को अधिकृत किया जाता है और अगर जांच के उपरान्त ऐसा लगता है कि मामले को किसी अन्य सक्षम फोरम (केंद्र अथवा राज्य सरकार या उनके मंत्रालय/अन्य जांच एजेंसी/ न्यायालय) के समक्ष रखना है तो सक्षम फोरम को तय करने और उनके समक्ष प्रकरण को रखने हेतु संघ के अध्यक्ष (केंद्रीय) और महामंत्री पूर्ण रूप से अधिकृत होंगे और इसके लिए उन्हें पुनः कार्यसमिति के अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक के बाद नंदिनी क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा का सम्मान कार्यक्रम किया गया जिसमें नंदिनी के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विधायक का सम्मान करते हुए संघ द्वारा उन्हें श्री राम जी की एक मूर्ति भेंट की गयी।

# धूम धाम से मनाया गया, बहुड़ा रथ यात्रा, भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की हुई वापसी

**पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com





भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज दल्ली राजहरा के द्वारा बड़े धूम धाम से मनाया गया , बहुड़ा रथ यात्रा ! हुई भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की हुई वापसी। भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज दल्ली राजहरा के द्वारा समस्त समाज, धार्मिक संगठनों ,श्रम संगठनों और राजहरा वासियों के सहयोग से द्वारा 7 जुलाई आषाढ़ शुक्ल द्वितीय को महाप्रभु जगन्नाथ का विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया गया था द्य रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का एक सप्ताह अपने मौसी ( गुंडिचा ) के घर रुकने के बाद अपने घर वापसी होती है द्य इसी मान्यता के तहत 15जुलाई को भगवान जगन्नाथ भाई ,बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंडप से अपने गंतव्य स्थल गर्भ गृह उत्कल समिति पहुंचे। उत्कल समाज द्वारा स्थानीय भाषा में इसे बहुड़ा रथ यात्रा (भगवान की घर वापसी) कहा जाता है। रथ यात्रा भव्यता के साथ गुंडिचा प्रांगण से शुरुआत की गई जहां पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की सभी समाज प्रमुखों एवं लौह अयस्क खदान समूह के अधिकारियों के द्वारा पूजा अर्चना कर महाप्रभु से दल्ली राजहरा में अमन चैन की दुआएं मांगी गई द्य जिनमें प्रमुख रूप से सी.श्रीकांत, सुनाराम बास्के, विपिन कुमार, धनंजय कुमार सिंह , एस. के.व्यास, कुमुदिनी महंती ,विजय भंज ,प्रशांत साहू , चंद्रशेखर ,विक्रम बेहरा और राजेंद्र बेहरा प्रमुख थे। भगवान जगन्नाथ को लौह अयस्क खदान समूह राजहरा के महाप्रबंधक सी.श्रीकांत एवं विपिन कुमार को मंदिर से रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ द्य वहीं भाई बलभद्र को बीएसपी के एजीएम धनंजय कुमार सिंग और चंद्रशेखर को रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा बहन सुभद्रा को विक्रम बेहरा एवं मृत्युंजय सुधार को रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ द्य सभी भगवानों की अगुवाई जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने की। रथ पर राजेंद्र बेहरा पंडितों के साथ भगवान की सेवा में उपस्थित रहे द्य यह रथ यात्रा राम मंदिर होते हुए थाना चौक से श्रम वीर चौक , बस स्टेशन चौक , गुप्ता चौक से जैन भवन चौक होते हुए उत्कल समिति स्थित गर्भ गृह में भगवान की पुनः स्थापना हुई।

## बुथ जीता तो चुनाव कि जीत पक्की इसी लक्ष्य से प्रत्येक कार्यकर्ता करें कार्य-राम विचार नेताम

# जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक संपन्न

**पायनियर संवाददाता < बलरामपुर**
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई थी। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री राम विचार ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में मदद करें। और बुथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह चुनावी वर्ष है और हम सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बुथ को जितना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को बेहतर परिणाम मिले हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं कि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। तभी आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को गर्भ है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार कार्यकाल मिलने से देश एवं विदेशों में मान सम्मान बड़ा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता बुथ स्तर पर कार्य करें। सरगुजा लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज, प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम किसुन सिंह, ज़िला संगठन प्रभारी अखिलेश सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इधर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री राम विचार नेताम के द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्षो में ओम प्रकाश सोनी, जय प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ जनों में कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण कुमार केसरी, शैलेष कुमार गुप्ता, गोपाल कृष्ण मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, दिन्नानाथ यादव, विनोद जायसवाल, धीरज सिंह देव, भानू दिक्षित, मुकेश गुप्ता, गौतम सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, शुभम् सोनी, अश्वनी गुप्ता, दिलीप सोनी, रामानुजगंज मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, सुखदेव सिंह, महेंद्र गुप्ता, दिनेश पैकरा, अनिल दुबे, प्यारे लाल जायसवाल, संजय जायसवाल, पुरंजय मिश्रा सहित भारी संख्या में अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र.:**WRS-24-25-Abrasive
दिनांक 10.07.2024
**कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर के परिसर में CASNUB बोगी, कॉइल स्प्रिंग और BVZI बोगियों की एब्रेसिव ब्लास्टिंग द्वारा सतह की सफाई के लिए 24 (चौबीस) महीने का कार्य अनुबंध। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,71,16,015.96 (रुपये पाँच करोड़ इकहत्तर लाख सोलह हजार पंद्रह एवं छियानवे पैसे मात्र) जीएसटी @ 18% सहित), **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्न के अनुसार, 24 (चौबीस) महीने, **बयाना राशि:** ₹ 4,35,600.00 (रुपए चार लाख पैंतीस हजार छः सौ मात्र), **निविदा दस्तावेज़ लागत:** ₹ 0.00 (शुन्य), **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** दिनांक **05.08.2024** को **15:00** बजे। **बिड प्रारम्भ की तारीख:** दिनांक **22.07.2024, पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देख सकतें है। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, वैरिशा,**
**द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
PR/R/WRS/PC/75
South East Central Railway @secrail

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// फार्म ''अ'' //**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम 6 (2) देखिये)**

कमांक/138/अ.कले./रीडर/2024 बलौदाबाजार दिनांक 08.07.2024

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक संजू घृतलहरे (वर) पिता श्री शत्रुहन लाल घृतलहरे निवासी ग्राम ओड़ान तहसील व थाना पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एवं आवेदिका रितिका यादव (वधु) पिता श्री रामचरण यादव स्थायी पता ग्राम छेरकापुर थाना व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, हाल मुकाम ग्राम ओड़ान तहसील व थाना पलारी जिला तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 08 अगस्त 2024 समय 11:00 बजे के पूर्व हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 08 जुलाई 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**संलग्नः-सूचना पत्र**

मुहर

**विवाह अधिकारी**
**बलौदाबाजार-भाटापारा**

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2023-24
ग्राम मुंगेली मन-2 प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पारानी पिता/पति बुल्लूराम जाति..... निवासी मंजगांव पारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 315/2 रकबा 0.008 हे. को फौती दर्ज के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।


मुहर

**तहसीलदार**
**मुंगेली**

## संपादकीय

### केन्द्रीय बजट अनेक उम्मीदें

**केन्द्रीय बजट से अनेक उम्मीदें** हैं जिनमें ढांचागत विकास, रोजगार सृजन व स्वच्छ ऊर्जा पहलें शामिल हैं। 2024 का केन्द्रीय बजट लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। यह राजग-3 का पहला बजट होगा जिसमें पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद है। लेकिन इनमें कुछ परिवर्तन भी हो सकते हैं और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट में कुछ 'लोकरंजक' कदम उठा सकती हैं। केन्द्रीय बजट 2024-25 के समय भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है जिसमें तेज वृद्धि की संभावनाओं के साथ ही कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान आशाजनक बने हुए हैं जिसका कारण विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हुआ सुधार है। इनमें खासकर विनिर्माण, सेवायें व तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं। लेकिन मुद्रास्फीति का दबाव, उच्च राजकोषीय घाटा तथा वैश्विक आर्थिक अनिश्चिततायें बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं। सरकार ने अतीत में ढांचागत संरचना बढ़ाने, डिजिटलीकरण करने तथा स्वच्छ ऊर्जा पहलों के मामलों में सुनियोजित प्रयास किए हैं जिनसे टिकाऊ विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रकट होती है। लेकिन इस प्रगति के बावजूद बेरोजगारी, आय असमानता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानियां बनी हुई हैं जिनके कारण लक्षित राजकोषीय उपायों की आवश्यकता है। उम्मीद है कि आगामी बजट इन चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देगा, निवेश प्रोत्साहित करेगा तथा पूरे देश में समावेशी प्रगति सुनिश्चित करेगा। यह अर्थव्यवस्था को सुसंगत बनाने तथा बीमार क्षेत्रों को ठीक करने का एक अवसर है। लोगों की प्रमुख चिन्ता मुद्रास्फीति बनी हुई है जिसे कठोर राजकोषीय नियोजन से नियंत्रण में रखा जा सकता है। राजग-3 के केन्द्रीय बजट को ढांचागत विकास तथा रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक-निजी सहयोग के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र को गति देने वाला होना चाहिए। व्यक्तिगत करों तथा पेंशन योजनाओं में भी बदलाव की उम्मीदें हैं जिनमें दीर्घकालीन टिकाऊपन तथा मध्य वर्ग को राहत को केन्द्र में रखा जा सकता है।




उद्योग जगत को सुधारों और प्रोत्साहनों से काफी उम्मीदें हैं ताकि वह फिर पटरी पर आ सकें। आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख कारक रियल इस्टेट क्षेत्र रोजगार प्रदान करने वाला प्रमुख क्षेत्र भी है। इसे तत्काल उद्योग का दर्जा दिया जाना चाहिए ताकि कम खर्च पर फाइनेंसिंग व कर लाभों तक उसकी पहुंच बन सके। सीमेंट और स्टील जैसी जरूरी सामग्रियों पर ज्यादा टैक्स तथा खासकर सीमेंट पर 28 प्रतिशत जीएसटी पर विचार किया जाना चाहिए। भारत का बिजली वाहन-ईवी क्षेत्र महत्वपूर्ण मोड़ पर है जिसे आगामी बजट से बहुत उम्मीदें हैं। सरकार को फर्मों को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचने के लिए ईवी के प्रयोग को प्रोत्साहन देना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न आयामों पर वर्तमान 18 प्रतिशत जीएसटी के बजाय 5 प्रतिशत करने से 'हरित ऊर्जा' परियोजनाओं का खर्च घटेगा तथा देश भर में इनको तेजी से लागू करने को प्रोत्साहन मिलेगा। आगामी बजट से कर्मचारी कल्याण, औपचारिक रोजगार सृजन, क्रियान्वयन में जटिलता घटाने तथा कौशल की कमी को संबोधित करने की उम्मीद है। रोजगार सृजन तथा लोगों को खासकर तकनीक के क्षेत्र में आवश्यक कौशल को केन्द्र में रखा जाना चाहिए। बजट को तकनीकी ढांचे व संसाधनों पर ज्यादा धन लगाना चाहिए ताकि छात्रों को तकनीक-संचालित रोजगार बाजार के लिए तैयार किया जा सके। बजट को भारत के आर्थिक एजेंडे की दिशा सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें ढांचागत संरचना, रोजगार सृजन, स्वच्छ ऊर्जा व समग्र क्षेत्रीय सुधारों पर ध्यान दिया गया हो।

# वृद्धि व क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता

हालांकि, अपने दम पर बहुमत न मिलने से भाजपा दबाव में है, पर यदि कांग्रेस नीत 'इंडिया' सरकार बनाने में सफल होता तो भारत को भयानक आर्थिक विभीषिका का सामना करना पड़ता।



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)



चार जून को लोकसभा चुनाव, 2024 परिणाम आने के बाद केन्द्र 'राजकोषीय विभीषिका' की स्थिति से बचने में सफल हुआ है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में विफल रही, पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के 53 सांसदों के साथ 293 सांसद जुटा कर वह बहुमत पाने में सफल हुई तथा सरकार बनाई। दूसरी ओर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कुल 234 सांसदों का समर्थन ही प्राप्त कर सकी। यदि 'राजग' के केवल 38 सांसद 'इंडिया' समूह में चले जाते तो वह सत्ता तक पहुंच जाती। इस परिदृश्य में कांग्रेस को अप्रैल, 2024 में जारी अपने चुनाव घोषणापत्र-'न्याय पत्र' में किए गए वादे-गारंटियां पूरी करनी पड़तीं। इनका राजकोष पर भारी बोझ पड़ता।

'महालक्ष्मी' योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को हर साल 100,000 रुपये अनुदान की बात पर गौर करें। यह बिना शर्त के आर्थिक सहायता सीधे परिवार की सबसे वृद्ध महिला के खाते में जानी थी। यदि परिवार में महिला न होती तो इस धनराशि को परिवार के सबसे वृद्ध व्यक्ति के खाते में जाना था। एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने घोषणा की थी, 'शुरुआत में हम आपको 100,000 रुपये वार्षिक देंगे, जबकि बाद में हम यह राशि बढ़ा कर 2,00,000 भी कर सकते हैं।' भारत में लगभग 400 मिलियन परिवार हैं। यदि हम इन परिवारों में केवल 10 प्रतिशत को ही गरीब मानें तो उनकी संख्या 40 मिलियन होती है। इस प्रकार इस योजना से सरकारी खजाने पर हर साल 400,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ता। यदि यह अनुदान बढ़ा कर 200,000 कर दिया जाता तो यह खर्च बढ़ कर हर साल 800,000 करोड़ हो जातज्ञ।

बजट पर इसके कारण पड़ने वाले भारी प्रभाव को देखते हुए घोषणापत्र में योजना के साथ दो शर्तें लगाई गई थीं। पहला, 'गरीब की पहचान आय पिरामिड के सबसे नीचे वाले परिवारों के आधार पर होगी।' दूसरा, 'इस योजना को चरणों में लागू किया जाएगा तथा हर साल लाभार्थी परिवारों की समीक्षा की जाएगी तथा गरीबी उन्मूलन पर इसके प्रभाव का आंकलन होगा।' ये शर्तें इस आधार पर परिभाषित की गई थीं कि शुरुआत में सभी 40 मिलियन परिवारों को इसमें शामिल नहीं किया जाता। इसके साथ ही पार्टी बोझ को देखते हुए कुछ लाभार्थियों को छोड़ सकती थी। लेकिन योजना के अंतर्गत मिलने वाली भारी धनराशि को देखते हुए एक भी गरीब परिवार एक बार लाभार्थी परिवार के दायरे में शामिल होने के बाद किसी प्रकार उससे बाहर न जाना चाहता।

ऐसा करने का कोई भी प्रयास भारी सामाजिक-आर्थिक तनाव का कारण बनता तथा लाभार्थियों व उनसे वंचित लोगों के बीच टकराव होता। इस कारण सभी 40 मिलियन गरीब परिवारों को हर साल 200,000 लाख रुपये न मिलते।

कांग्रेस की अन्य गारंटियों में 'युवा अप्रेंटिसशिप योजना'-वाईएएस शामिल थी जिसके अंतर्गत प्रत्येक डिप्लोमाधारक बेरोजगार नौजवान को हर साल 100,000 रुपये मिलने थे। वर्तमान समय में 15-29 वर्ष आयुवर्ग के कुल 260 मिलियन युवा हैं और बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है। यदि सभी 26 मिलियन बेरोजगार युवाओं को 100,000 रुपये सालाना दिए जाते तो इससे खजाने पर हर साल 260,000 करोड़ का बोझ पड़ता। 'अप्रेंटिसशिप' एक प्रकार की व्यवस्था है जिसके अंतर्गत किसी युवा को एक समय तक नया कौशल सिखाया जाता है ताकि वह एक उपयुक्त रोजगार या नौकरी प्राप्त कर सके। इस कालखंड में उसे स्टाइपेंड के रूप में एक निश्चित धनराशि मिलती है। तार्किक रूप से इस व्यवस्था में प्रशिक्षण काल समाप्त होने के बाद स्टाइपेंड की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस ने इसकी कोई रूपरेखा नहीं दी थी कि प्रशिक्षण और उसके बाद अप्रेटिंसशिप पूरी कर चुके युवाओं को किन बिजनेसों में स्थान मिलेगा।

ऐसे परिदृश्य में हर साल 100,000 रुपये प्राप्त करने वाला नौजवान हमेशा वैसा ही बना रहता। इसके परिणामस्वरूप केन्द्र को लगातार हर साल 260,000 करोड़ रुपये का बोझ उठाना पड़ता।कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया था। किसन इसे उन सभी 26 फसलों के लिए चाहते थे जिन पर वर्तमान समय में एमएसपी दिया जाता है। अंतत: यह सभी फसलों, यानी सभी कृषि उत्पादों पर लागू होता। सरकार निजी क्षेत्र को एमएसपी पर खरीद के लिए बाध्य नहीं कर सकती, इसलिए उसे सारी फसलें खरीदनी पड़तीं। इससे हर साल खजाने पर 33,00,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ता। कांग्रेस ने 3 मिलियन सरकारी नौकरियों का वादा किया था। यदि औसत वेतन हर महीने 50,000 रुपये मान लिया जाए तो इसे खजाने पर 180,000 करोड़ का बोझ हर साल पड़ता।

यदि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून-मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी बढ़ा कर 400 रुपये प्रति दिन कर दी जाए तो इससे लगभग 80,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। कांग्रेस ने छात्रों को एक बार कर्ज माफी का वादा भी किया था जिससे लगभग 120,000 करोड़ का बोझ पड़ता। इस प्रकार यदि कुल मिला कर देखा जाए तो कांग्रेस की 'गारंटी योजनाओं' से केन्द्र सरकार पर हर साल 47,40,000 करोड़ रुपये का असाधारण बोझ पड़ता। यदि एक बार छात्रों को माफ किए जाने वाले कर्ज का बोझ छोड़ दिया जाए तो इससे हर साल खजाने पर 46,20,000 करोड़ का बोझ पड़ता।

यह धनराशि 2024-25 के अंतरिम केन्द्रीय बजट में प्रस्तावित 47,66,000 करोड़ रुपये के लगभग बराबर है। इसके साथ ही यह 11,00,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च से चार गुना अधिक है। 2024-25 में केन्द्र सरकार की कर्ज के अलावा कुल प्राप्तियां लगभग 30,80,000 करोड़ थीं। इनमें करों से होने वाली प्राप्तियां 26,02,000 करोड़ हैं। इस प्रकार केवल बहु-प्रचारित 'महालक्ष्मी' योजना पर होने वाला खर्च सारी प्राप्तियों तथा लगभग एक तिहाई कर प्राप्तियों को अपने भीतर समेट लेता। वर्तमान समय में राजकोषीय घाटा 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 5.1 प्रतिशत है। यदि इसमें 'कांग्रेसी गारंटियों' का अतिरिक्त खर्च जोड़ लिया जाए तो यह जीडीपी का 19.1 प्रतिशत हो जाएगा। यह 2020-21 में हुए 9.2 प्रतिशत घाटे से दूना है, जब अर्थव्यवस्था विनाशकारी कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभाव से पंगु हो गई थी।

यह सोच कर ही भय पैदा हो जाता है कि कांग्रेस की सभी 'गारंटियां' लागू होने के बाद केन्द्र का खर्च लगभग 187,35,000 करोड़ हो जाता। वर्तमान समय में केन्द्र का कर्ज जीडीपी का 57 प्रतिशत है।

राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम में संशोधन के बाद इसे 2024-25 में घटा कर 40 प्रतिशत किया जाना है। इसके बजाय हम 100 प्रतिशत से अधिक की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के मजबूत आर्थिक आधारों, जीवन्त वृद्धि गतिशीलता तथा राजकोषीय मजबूती पर ध्यान देने से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों, जैसे एसएंडपी ने हमारी सावरेन रेटिंग बढ़ाई है। इससे देश लगभग डेढ़ शताब्दी बाद 'स्थिर' से 'सकारात्मक' श्रेणी में आने में सफल हुआ है। यदि दुर्भाग्य से 'कांग्रेसी गारंटियां' लागू हो जातीं तो 'राजकोषीय व्यावहारिकता' मिट्टी में मिल जाती। ऐसी स्थिति में राजकोषीय विभीषिका पैदा होती, कर्ज बेलगाम हो जाता, ब्याज की दरें आसमान छूने लगतीं, मुद्रास्फीति बहुत बढ़ जाती, निवेश घट जाता तथा आर्थिक गतिविधियां कम हो जातीं।

'कांग्रेसी गारंटियों' यज्ञ 'खैरातों' के कारण करोड़ों लोगो को कमाने की जरूरत न रहती और वे अपनी सभी जरूरतें पूरी करने के लिए सरकारी खैरातों की ओर देखते रहते। संक्षेप में इससे भारत 'आर्थिक विनाश' की ओर आगे बढ़ता। हालांकि, अपने दम पर पूर्ण बहुमत न मिलने से भाजपा दबाव में है, पर यदि कांग्रेस नीत 'इंडिया' समूह को सत्ता मिल जाती तो भारत निश्चित रूप से आर्थिक विनाश का शिकार बन जाता।

# वैश्विक राजनीति में सिनेमा की भूमिका

**चैतन्य के प्रसाद**
(लेखक, डीएफएफ के पूर्व एडीजी हैं)



फिल्में सिर्फ मनोरंजन से कहीं आगे निकल गई हैं; वे अब वैश्विक राजनीति और सांस्कृतिक संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से, फ़िल्में सॉफ्ट पावर डायनेमिक्स और भू-राजनीतिक समीकरणों को पोषित करने और विकसित करने के लिए प्रमुख हितधारकों से युक्त पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग करती हैं। भू-राजनीति के क्षेत्र में, फ़िल्में कला से कहीं ज़्यादा हैं; वे देशों द्वारा अपनी सॉफ्ट पावर दिखाने और दुनिया भर में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शक्तिशाली उपकरण हैं। अपने फ़िल्म उद्योगों के माध्यम से, राष्ट्र ऐसी कहानियाँ साझा करते हैं जो वैश्विक रूप से गूंजती हैं, उनकी पहचान को दर्शाती हैं और कूटनीतिक साधनों के रूप में काम करती हैं। फ़िल्में विभिन्न देशों की सामाजिक गतिशीलता में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों को गहराई से प्रभावित करती हैं। आज, हम एक बहुध्रुवीय दुनिया में रहते हैं जहां सत्ता की गतिशीलता अस्थिर है, और विभिन्न हितधारक, धारणाएं, विचारधाराएं, रणनीतियां, नेटवर्क, इंटरफ़ेस और अंत:क्रियाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज हम जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह एक जटिल पहेली को जोड़ना है, जहां इस पहेली के हर टुकड़े की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। भौगोलिक सीमाएं तेज़ी से धुंधली हो गई हैं, वैश्वीकरण, संचार को बढ़ाने और एक नए युग की शुरुआत करने के लिए धन्यवाद, जहां प्रौद्योगिकी इन अंत:क्रियाओं को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

नए खिलाड़ियों के उभरने का श्रेय सॉफ्ट पावर डायनेमिक्स की अवधारणा को दिया जा सकता है। जोसेफ एस. नाई द्वारा गढ़ा गया यह विचार संस्कृति, राजनीतिक आदर्शों और नीतियों के माध्यम से आकर्षित करने और मनाने की क्षमता का वर्णन करता है। इस संदर्भ में, सिनेमा सॉफ्ट पावर का एक अनिवार्य घटक बन गया है। एक माध्यम और मंच के रूप में सिनेमा, वैश्विक स्तर पर धारणाओं, दृष्टिकोणों और भू-राजनीतिक रुख को डिकोड करते हुए सॉफ्ट पावर डायनेमिक्स को स्थापित करने के लिए उत्प्रेरक का काम करता है। बड़े पर्दे पर चित्रण नीतिगत बहस की गतिशीलता, वैश्विक मुद्दों और बहुध्रुवीयता और त्वरित संचार से बंधे वैश्विक ढांचे में विचारों के प्रबंधन में नई सोच को शामिल करता है। अतीत में कई फिल्मों ने बहुआयामी गतिशीलता और विभिन्न पारिस्थितिकी प्रणालियों, राष्ट्रों और व्यक्तियों पर प्रभाव को दर्शाया है। सिनेमा और विदेश नीति का इंटरफेस किसी अवधारणा या विचार की वैश्विक अपील को मजबूत करता है, जिससे सांस्कृतिक कूटनीति के लिए एक गतिशील रूपरेखा तैयार होती है। एक माध्यम के रूप में सिनेमा ने द्विपक्षीयता की गतिशीलता में एक नया उपकरण जोड़ा है, बेहतर सांस्कृतिक समझ के साथ-साथ एक नए दृष्टिकोण, विचारधारा और हस्तक्षेप के चित्रण में रचनात्मक उपकरणों का उपयोग। सिनेमा सहयोग, सहकारिता, सामंजस्य, समन्वय और अभिसरण के एक वाहन के रूप में उभरा है - सिनेमा के 5 पहलू वैश्विक मोर्चे पर, सिनेमा बाधाओं को तोड़ता है, बाधाओं को पार करता है, और पुराने और नए दोनों खिलाड़ियों की रचनात्मकता पर पनपता है। यह अब केवल पश्चिमी या यूरोसेंट्रिक आख्यानों को पूरा नहीं करता है, बल्कि एक विविध वैश्विक परिप्रेक्ष्य को अपनाता है, जो सिनेमा की धारणाओं को आकार देने और वैश्विक शक्ति गतिशीलता में एक नरम स्पर्श जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के वर्षों में भू-राजनीति में सिनेमा का महत्व काफी बढ़ गया है, सरकारें तेजी से ऐसी फिल्म परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रही हैं जो उनके राष्ट्रीय हितों और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं। कई देश अपने फिल्म उद्योगों को अपनी वैश्विक छाप को आकार देने के लिए सॉफ्ट पावर के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। फिल्मों का प्रभाव उनकी वैश्विक उपस्थिति से बहुत बढ़ जाता है, स्ट्रीमिंग सेवाओं के उदय के कारण जिसने फिल्म वितरण में क्रांति ला दी है, जिससे छोटे बाजारों की फिल्मों के लिए दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचना आसान हो गया है। नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन प्राइम और हुलु जैसे प्लेटफ़ॉर्म ने विभिन्न देशों की फिल्मों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बना दिया है, जिससे दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं को पारंपरिक वितरण पर निर्भर हुए बिना अपनी सांस्कृतिक कहानियों को प्रदर्शित करने की अनुमति मिलती है।



सिनेमा अपने आकर्षक आख्यानों के माध्यम से जनमत को प्रभावित करके और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों को आकार देकर सत्ता संरचनाओं को पार कर जाता है। फिल्में चर्चाओं और राजनीतिक विश्लेषण के लिए मंच के रूप में काम करती हैं, जिससे बातचीत शुरू होती है जो सामाजिक परिवर्तन को प्रेरित कर सकती है। फिल्म निर्माता और अभिनेता सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने काम का उपयोग करके महत्वपूर्ण प्रभाव वाले राजदूत के रूप में कार्य करते हैं। सिनेमा नए विचारों और अवधारणाओं के लिए एक मंच बन गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देता है। आज की दुनिया में सिनेमा की भूमिका अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है। यह कहानी कहने के माध्यम से विचारों को संप्रेषित करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने के लिए एक कूटनीतिक उपकरण और एक सम्मोहक माध्यम के रूप में कार्य करता है। अपने दर्शकों से परे, सिनेमा का दुनिया भर के वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं और समुदायों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। यह एक दूत के रूप में कार्य करता है, जो मानव जीवन की जटिलताओं को प्रतिबिंबित करने वाली आकर्षक कहानियों के माध्यम से शांति, सहानुभूति और एकजुटता के संदेश फैलाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिनेमा अब समकालीन समाज में मनोरंजन से आगे निकल गया है। राष्ट्र विश्व मंच पर अपने एजेंडे और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए सिनेमा की शक्ति को एक उपकरण के रूप में पहचान रहे हैं, जो कूटनीति में इसके महत्व को रेखांकित करता है।

## आप की बात

### वृक्षारोपण अभियान

**महामारी** के बाद इस वर्ष गरमी ने आम आदमी को वनों की महत्ता समझाई है। भट्टी की तरह तपते घरों में कूलर और एसी भी ठंडी हवा नहीं दे पाए। अन्य सालों के मुकाबले इस वर्ष 1.5 डिग्री गरमी में बढोत्तरी हुई है जो चिंता जनक है। मुसीबत यह है कि स्वस्थ पर्यावरण तो हर आदमी चाहता है मगर उसके संरक्षण के लिए वह कतई जागरूक नहीं है और इसमें अपनी समुचित भूमिका नहीं निभाता है। मकानों, मॉलों और शानोशौकत वाली सुविधाओं के निर्माण के नाम पर आम मानवजाति वृक्ष और प्रकृति की सुंदरता के विनाश के लिए उतारू है। लगातार घटते वन क्षेत्र से धरती भट्टी की तरह तप रही है। ऐसे में इंदौर में 51 लाख पौधों का रोपण एक मिसाल बन सकता है बशर्ते पूरे पौधे वृक्ष बनने तक संरक्षित हो। इसके लिए सरकार से ज्यादा आम आदमी की जवाबदारी बनती है। अगर एक साल पौधों का समय-समय पर रखरखाव हो गया तो यह तय है कि ऐसे पौधों से सालों साल खुशहाली मिलती रहेगी। खुशी की बात है कि अब कार्पोरेट ने भी वृक्षारोपण का महत्व समझा है और एक बड़ा उद्योग घराना वृक्षारोपण के लिए लाखों पौधे देने जा रहा है। कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत अन्य उद्योगपतियों को भी इस दिशा में अवश्य ही समय रहते कदम उठाने चाहिए।

**- अमृतलाल मारू,** इंदौर

### लोकतंत्र की स्थिति

**लोकतंत्र** की स्थिति पर दुनिया भर के विद्वान विचार-विमर्श करते रहते हैं। लगभग 195 देशों वाली इस दुनिया में सिर्फ 30 देश ऐसे हैं जहाँ पूर्णत: लोकतंत्र काम कर रहा है। यहां शासकों के बजाय लोगों की राय को महत्व मिलता है। उनमे से भी 10 देश ऐसे हैं जहाँ की नागरिकता पाने के लिए हर कोई लालायित रहता है। स्वयं को लोकतंत्र बताने वाले अनेक देश आज तानाशाही में बदल गए हैं। पडोसी पाकिस्तान की सरकार ने तहरीके इंसाफ़ पर प्रतिबंध लगाने और उसके नेताओं इमरान ख़ान, आरिफ़ अल्वी और कासिम सूरी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है जिससे उनको देशद्रोही घोषित किया जा सकता है। पाकिस्तानी अदालतों ने इमरान खान को अनेक आरोपों में बरी कर दिया है और उनको जनता का समर्थन भी प्राप्त है, लेकिन सेना उनको आजाद नहीं छोड़ना चाहती है। पाकिस्तान में लोकतंत्र के साथ यह खिलवाड़ नया नहीं है क्योंकि अपने गठन के बाद से वह अधिकांश समय परोक्ष या परोक्ष रूप से फौजी शासन में रहा है। लोकतंत्र के साथ छेड़छाड़ न केवल उस देश की जनता को अधिकारों से वंचित करती है, बल्कि कभी-कभी विश्व शांति के लिए खतरा भी पैदा करती है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### गेमिंग की लत

**बच्चों में** गेमिंग की लत एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आई है। युवाओं में ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत से चिंतित केंद्र सरकार ने मार्च में इसे बेहतर ढंग से समझने, आवेगपूर्ण व्यवहार पर अंकुश लगाने और स्वस्थ डिजिटल आदतों को बढ़ावा देने के लिए एक अध्ययन का फैसला किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि हाल में यह प्रवृत्ति बहुत व्यापक हो गई है। अब तक सरकारी अध्ययन के बारे में और कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन गेमिंग की बढ़ती लत से नौजवानों और बच्चों का जीवन और भविष्य तेजी से बरबाद हो रहा है। अत: समस्या से निपटने के कदम तत्काल उठाए जाने चाहिए। एक रास्ता सभी प्रकार के वीडियो गेम्स, ऑनलाइन सट्टे वाले गेम्स और अश्लील सामग्री पर तुरंत सख्त पाबंदी लगा दी जाए। चीन में गेम खेलने का समय नियंत्रित किया जा रहा है। लेकिन हमारे यहां इसे रोकने का व्यापक तंत्र नहीं है। विडंबना है कि ऐसे गेमों के विज्ञापन को आजादी मिली है जिसमें अनेक सेलेब्रिटी भी शामिल हो जाते हैं। गेम्स के विज्ञापनों पर तत्काल प्रतिबंध जरूरी है। इसके साथ ही छात्रों, शिक्षकों व बच्चों के माता-पिता में गेम्स के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाने के तरीके खोजने चाहिए।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### सीढ़ियों का महत्व

**लिफ्ट** के युग में सीढ़ियों से चढ़कर जाना बुजुर्ग क्या युवा भी पसंद नहीं करते हैं। लिफ्ट का ही दूसरा रूप एसकेलेटर है। जो कि सीढ़ियों की तरह ही बिना श्रम किए आपको ऊपर नीचे लाती ले जाती है। लेकिन इसके नकारात्मक असर भी होते हैं। आरामतलबी की वजह से अनेक किशोरों और युवाओं में मोटापे की समस्या घर कर रही है। इसके बावजूद सभी को लिफ्ट ही चाहिए। वैसे सीढ़ियों पर चढ़ना और उतरना केवल भौतिक क्रिया के बजाय साहित्य, कल्पना और दर्शन का विषय भी रहा है। सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते-चढ़ते पता नहीं कब जीवन की शाम आ जाती है। अनेक लोगों को वैभव व समृद्धि के शिखर पर पहुंचने पर चढ़ने का परिश्रम व्यर्थ होता नजर आता है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अत: जीवन की सीढ़ियों पर भी हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचने के बाद वह जमीन भी देखनी चाहिए जहां से शुरुआत हुई थी। खुद प्रगति और समृद्धि की सीढ़ियों पर चढ़ने में सफलता के बाद हमें दूसरों को भी उन पर चढ़ने में सहायता करनी चाहिए। इससे ही पूरा देश और समाज भी प्रगति और जीवन का आनन्द उठाने में सफल होंगे।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# वनांचल क्षेत्रों में अभियान चलाकर किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

## ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी घरों में पहुंचकर कर तत्काल कर रहे हैं उपचार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com







कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं आदिवासी बाहूल्य विकासखण्ड बोड़ला तथा पंडरिया सहित जिले के मैदानी विकासखण्ड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के सभी ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग की टीम अलर्ट मोड में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य शासन एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर अभियान चलाकर वनांचल ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर तथा सभी घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य कर रही है। सर्वे के दौरान लक्षण पाए जाने पर इसके त्वरित उपचार भी प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में 15 जुलाई को विकासखंड बोड़ला के स्वास्थ्य विभाग की टीम अलग-अलग 29 ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसी प्रकार 16 जुलाई को दुरस्त वनांचल क्षेत्रो के ग्रामों में शिविर लगाया गया। इसके साथ ही घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इन सभी कार्यों की मॉनिटरिंग और निरीक्षण संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। बीमारियों के बचाव के लिए कबीरधाम जिले में कुंआ, हैण्डपंप, सोलर पंप सहित 13538 जलस्त्रोंतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान भी शुरू किया गया है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी एल राज ने बताया कि 15 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग 29 ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसके साथ ही चिल्फी सेक्टर और उसके अधीनस्थ सेक्सन चिल्फी, शीलतपनी ,झलमला ,रोल, रेगाखार, ब्रेन्डा, उसरवाही, सोनवाही, बोदलपानी, खारा में सुधा देवी नर्सिंग कालेज के 38 स्टूडेंट्स कवर्धा से प्राप्त टीम एवं दो आरएएम एवं सात आरएचओ और 18 सीएचओ एवं दो एमटीएल के माध्यम से घर-घर सर्वे एवं जांच किया गया एवं चार सुपरवाइजर के द्वारा सुपरविजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं पेयजल का उपयोग ,शुद्धिकरण, मलेरिया जांच, ओआरएस, जिंक पैकेज का वितरण एवं घोल बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चिरायु की दोनों टीम जिसमे मेडिकल ऑफिसर एवं पूरी टीम के द्वारा ग्राम सोनवाही एवं बहनाखोदरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित कर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया एवं अर्बन एमएमयू टीम के द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार रेगाखार सेक्टर के अधिनस्त ग्राम जामुनपानी, सरेन्डा, मराड़बरा, सुतिया, सरईपतेरा, चमारी, गिधनखार, घानीखुटा, छितपूरीकला, कन्हारी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जांच के बाद लक्षण वाले मरीज को शिविर स्थल पर ही स्वास्थ्य सुविधाओं प्रदान किया गया। मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राज ने बताया कि 16 जुलाई को विकासखंड बोड़ला के दुरस्त वनांचल क्षेत्रो में चार टीम बनाकर ग्राम सवरु, बोल्दा और माराडबरा, सिलियारी में सर्वे किया गया एवं स्वास्थ्य टीम में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सेक्टर सुपरवाईजर और मितानिन के द्वारा घर-घर जाकर सम्पर्क किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा, पेयजल का उपयोग, शुद्धिकरण, मलेरिया जांच, ओआरएस घोल बनाने की विधि, जिंक पैकेज का विरतण एवं दवाईयो का उपयोग आदि की जानकारी दी गई।

# पैसे के लेन देन को लेकर विवाद को लेकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## हत्या प्रकरण को सुलझाने में बेरला पुलिस को 12 घण्टे के भीतर मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पैसे के लेन देन को लेकर विवाद के चलते आरोपी ने ईंट से कई बार बार वार हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को प्रार्थी चेतन यादव थाना बेरला उपस्थित आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रकाश डेली नीडस के बगल के खाली प्लाट में इसके चाचा दिनेश यादव उर्फदीनू का शव पड़ा हुआ है जिसके सिर पर ईट से कई बार वार करने से हत्या हुई है प्रार्थी की रिर्पोट पर थाना बेरला में अपराध कमांक 232/2024 धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक महोदय बेमेतरा रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्याति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल को अवगत कराने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारीगण तत्काल मौके पर उपस्थित हुए साथ ही सीन आफकाईम यूनिट दुर्ग व बेमेतरा से डॉग स्कॉड को बुलाकर घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी बेरला को आरोपी ओम प्रकाश मंडावी उर्फरज्जू की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार बेरला थाना पुलिस स्टाफ द्वारा स्थानीय आसूचना संकलन व आसपास स्थित सीसीटीव्ही फूटेज के आधार पर फरार आरोपी ओम प्रकाश उर्फरज्जू मंडावी की पता साजी की जा रही थी जिसे 17 जुलाई को सुबह बस स्टैण्ड बेरला के पास से हिरासत में पुछताछ पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया, और पुछताछ में बताया कि वह दिनेश यादव उर्फदीनू को पिछले 08-10 वर्षो से जानता है दोनो के बीच पैसे का पुराना लेन-देन है कल 16 जुलाई को वह अपने दोस्तो के साथ बैठ कर शराब पी रहा था तभी दिनेश यादव आकर रज्जू से अपने पुराने पैसे की मांग करने लगा रज्जू द्वारा एक-दो बार मना करने पर जब दिनेश नहीं माना और लगातार पैसे की मांग करता रहा तो रज्जू गुस्से में आकर पास में रखे ईट से दिनेश पर हमला कर दिया जिससे दिनेश जमीन पर गिर गया तो रज्जू कई बार दिनेश के सिर पर ईट से वार कर उसकी हत्या कर दिया जब दिनेश की मृत्यु हो गई तो रज्जू वहाँ से भाग गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चश्मदीद गवाहो का कथन लेखबध्द किया गया है जिसमे उनके द्वारा घटना को देखना व ओमप्रकाश उर्फरज्जू द्वारा दिनेश उर्फदीनू की हत्या करना बताये।

# भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज ने मनाया बहुड़ा रथयात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज दल्ली राजहरा के द्वारा समस्त समाज , धार्मिक संगठनों ,श्रम संगठनों और राजहरा वासियों के सहयोग से द्वारा 7 जुलाई आषाढ़ शुक्ल द्वितीय को महाप्रभु जगन्नाथ का विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया गया था । रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का एक सप्ताह अपने मौसी ( गुंडिचा ) के घर रुकने के बाद अपने घर वापसी होती है द्य इसी मान्यता के तहत 15जुलाई को भगवान जगन्नाथ भाई ,बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंडप से अपने गंतव्य स्थल गर्भ गृह उत्कल समिति पहुंचे। उत्कल समाज द्वारा स्थानीय भाषा में इसे बहुड़ा रथ यात्रा (भगवान की घर वापसी ) कहा जाता है। रथ यात्रा भव्यता के साथ गुंडिचा प्रांगण से शुरुआत की गई जहां पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की सभी समाज प्रमुखों एवं लौह अयस्क खदान समूह के अधिकारियों के द्वारा पूजा अर्चना कर महाप्रभु से दल्ली राजहरा में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। जिनमें प्रमुख रूप से सी.श्रीकांत, सुनाराम बास्के, विपिन कुमार,धनंजय कुमार सिंह , एस. के.व्यास, कुमुदिनी महंती ,विजय भंज ,प्रशांत साहू , चंद्रशेखर ,विक्रम बेहरा और राजेंद्र बेहरा प्रमुख थे । भगवान जगन्नाथ को लौह अयस्क खदान समूह राजहरा के महाप्रबंधक सी.श्रीकांत एवं विपिन कुमार को मंदिर से रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं भाई बलभद्र को बीएसपी के एजीएम धनंजय कुमार सिंग और चंद्रशेखर को रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा बहन सुभद्रा को विक्रम बेहरा एवं मृत्युंजय सुधार को रथ तक पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । सभी भगवानों की अगुवाई जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने की । रथ पर राजेंद्र बेहरा पंडितों के साथ भगवान की सेवा में उपस्थित रहे । यह रथ यात्रा राम मंदिर होते हुए थाना चौक से श्रम वीर चौक , बस स्टेशन चौक , गुप्ता चौक से जैन भवन चौक होते हुए उत्कल समिति स्थित गर्भ गृह में भगवान की पुनः स्थापना हुई। भगवान जगन्नाथ सेवा समिति और उत्कल समाज की ओर से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम बहुड़ा रथ यात्रा में समस्त दल्ली राजहरा वासी सम्मलित हुए । इस कार्यक्रम के तहत दोपहर 11 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक विशाल महाभोग (भंडारा ) का आयोजन किया था । रथ यात्रा समाप्ति उपरांत जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने दल्ली राजहरा के सभी समाजों ,सभी धार्मिक संगठनों , सभी श्रम संगठनों एवं राजहरा के सभी निवासियों को भगवान जगन्नाथ की दोनों रथ यात्रा में भरपूर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया द्य उन्होंने कहा कि आप सभी की सहयोग से इस विशाल रथ यात्रा को हम लोगों ने भव्यता से संपन्न कराए हैं , जो हमारे लिए अकल्पनीय था । आप सभी के सहयोग ने इसे साकार कर दिखाया। रथ यात्रा में सहयोग देने सभी समाज के लोग उपस्थित थे जिनमे युवराज साहू ,तोरण लाल साहू , ,संतोष कुमार यादव ,कृष्णा साहू ,पवन गंगबेर , तपन पांड्या ,शेखर रेड्डी ,दामोदर ,द्रौपदी साहू ,ममता घराना , नंदा पसीने ,पुरोबी वर्मा ,माधुरी मामलो सुथार ,नमिता साहू , झिल्ली रानी , अर्चना चौधरी, मिताली सवाई ,रोजनिल साहू , सुज्ञानी जेना, ज्योत्सना चौधरी , किरण बेहरा ,अनूपा बेहरा , शांति लता मोहंती , संजूकता मोहंती , प्रतिभा भंज , स्नेह लता , किरण ,रेनू , लक्ष्मी पिल्ले , दसरी , दुर्गेश्वरी , लक्ष्मी बाग ,प्रमिला जेना फुलझड़ी ,संतोषी ,सुजाता , माधवी मोहंती, सजल राय , बबला , सपन दा , बाबू , वीणा साहू , दुर्गा ,कल्पना डे ,पदमा रानी , दीपिका मोहंती , बबीता जेना, सुनीता रावत, टी लक्ष्मी राव , रोजलिन साहू , सुख्यानी जेना ,प्रतिभा जेना , नैनी , सुलता नायक , पुष्पांजलि , प्रतिमा जेना, बबीता जेना , सपन चक्रवर्ती , अशोक आईच, ,गौतम बेहरा , राकेश नायक , रिपू नायक , अरुण बाग , महेंद्र , जगत , , दिवाकर , , , प्रमोद बाग , मुकेश नंदी , सुशांत नाग , मोहन नायक , अशोक बेहरा , कुणाल , सपन जेना, भगवान भाई , विक्रम बेहरा , , राजेंद्र मोहंती , प्रशांत साहू , प्रफुल्ल कुमार , विजय भंज एवं समस्त उत्कल समाज की सदस्यों एवं महिलाओं का भी पूरा योगदान रहा ।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में जुटा नगर पालिका परिषद प्रशासन



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

15 जुलाई दिन-सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर पालिका के अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में उनके द्वारा निकाय क्षेत्र अन्तर्गत 100 प्रतिशत घर घर कचरा एकत्र करते हुए मौके पर ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने हेतु लोगों के बीच जागरूकता फैलाने योजना तैयार की गई । निकाय क्षेत्र के समस्त शौचालयों, उद्यानों, व्यावसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों, स्कूल, कॉलेज, कॉलोनियों, मुख्य मार्ग के आस-पास स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने, विशेष रूप से आत्म निर्भर वार्ड बनाने, जीरो वेस्ट इवेंट करवाने, रेड स्पॉट, यलो स्पॉट, सिंग्ल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं खरीदी-ब्रिकी पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गये । उक्त बैठक में निकाय के इंजीनियर, स्वास्थ्य प्रभारी पी.आई.यू. एवं राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# कलेक्टर जनदर्शन : आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण करें अधिकारी : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आम नागरिक स्थानीय स्तर पर उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण नही होने के पश्चात् अपने समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचने वाले सभी आवेदक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आशा और विश्वास के साथ हमारे पास पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी जिम्मेदार अधिकारियों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित की जाए। 16 जुलाई को कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मोहारा निवासी साधूराम सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत भैंसबोड़ के उपसरपंच ने अपने ग्राम के उपस्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम की पद स्थापना करने तथा पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों को समुचित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने बोर खनन करने की मांग की। डौण्डीलोहारा विकाखण्ड के ग्राम अन्नूटोला निवासी धनसराम ने अपने निजी जमीन का सीमांकन करने तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा निवासी रूपऊराम खरे ने सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए गए अपने निजी जमीन का मुआवजा प्रदान करने की मांग की।

# श्री रामलला दर्शन योजना : सरगुजा अंचल से 850 श्रद्धालु हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना

## सांसद चिंतामणि महाराज ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com








मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार द्वारा शुरू की गई श्रीरामलला दर्शन योजना को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है। सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर आज विशेष ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल और प्रबोध मिंज ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालु अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पर भजन गाते हुए विशेष ट्रेन में सवार होकर रवाना हुए। सभी श्रद्धालुओं की रामलला के दर्शन की अभिलाषा पूरी होने जा रही है। ये श्रद्धालु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति दिल से आभार व्यक्त कर रहे थे। श्रद्धालुओं का कहना था कि मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाया है और सरकार की रामलला दर्शन योजना से अयोध्या जाने की उनकी इच्छा पूरी हो रही है। यह उनका सौभाग्य है। अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में सरगुजा संभाग के सभी 06 जिलों जशपुर से 204, सूरजपुर से 147, कोरिया से 108, बलरामपुर से 164, और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से 57 श्रद्धालु और 170 अनुरक्षक भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी।

# पल्लवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद से दिया इस्तीफा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आयुष्मान आरोग्य मंदिर गाडाडीह विकास खण्ड साजा में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संविदा पद पर कार्यरत पल्लवी देवांगन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है । इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा के नाम का लिखा हुआ इस्तीफे को खंड चिकित्सा अधिकारी साजा के माध्यम से दिया गया है जिसमें बताया गया है कि आपके कार्यालय से मेरे लिए मुख्यालय निवास नही करने संबंधी संदर्भित पत्र नोटीस जारी कर मेरे अप्रेल, मई एवं जून माह के वेतन आहरण पर रोक लगाई गई हैं। जिसके कारण मुझे पिछले 03 माह से वेतन नही मिला हैं। जबकि मेरी शादी अभी-अभी (01 माह पूर्व) हुई है। मेरा ससुराल भिलाई, जिला दुर्ग हैं। शादी के पहले मै मुख्यालय मे रहकर अपने कार्य दायित्व का निर्वहन पुरी ईमानदारी से कर रही थी। मेरी शादी को अभी ज्यादा समय नही हुआ है इसलिए मैं वर्तमान मे मुख्यालय मे निवास ना कर ससुराल से आना-जाना कर रही हूँ। महोदय जी मैं अपने पदस्थापना स्थल में मुख्यालय बनाकर निवास करी रहती पर इससे पहले मैं ये देखना चाह रही थी कि मुख्यालय निवास क्या सिर्फ संविदा कर्मचारी के लिए जरूरी है? मुख्यालय मे निवास नही करने पर क्या सिर्फसंविदा कर्मचारी का वेतन आहरण नही होगा या वेतन रूकेगा? मुख्यालय में निवास नही करने पर सेवा समाप्ति क्या सिर्फसंविदा कर्मचारी की होगी ? महोदय उक्त का उत्तर मुझे मिल भी गया हैः

**मुख्यालय निवास सिर्फसंविदा कर्मचारी के लिए जरूरी है नियमित कर्मचारी के लिए नही**

मुख्यालय मे निवास नही करने पर सिर्फ संविदा कर्मचारी का वेतन आहरण नही होगा या वेतन रूकेगा (पिछले 03 माह का वेतन मेरा रूका हुआ हैं।)। नियमित कर्मचारी को मुख्यालय मे निवास नही करने पर उन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही होगी और न ही वेतन आहरण पर रोक लगाया जायेगा। मुख्यालय में निवास नही करने पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही सिर्फ संविदा कर्मचारी के लिए है नियमित कर्मचारियों के लिए नही। नियमित कर्मचारी अमृत पीकर आयें है उन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही होगी। आगे लिखा है कि मेरे आयुष्मान आरोग्य मंदिर / उप स्वास्थ्य केन्द्र मे मेरे अतिरिक्त एक और कर्मचारी भी है जो कि नियमित कर्मचारी हैं जो कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के पद पर कार्यरत है। जो कि मेरी तरह ही मुख्यालय मे निवास नही कर रही है। दुर्ग से आना-जाना कर रही है पर इनको मुख्यालय मे रहने के लिए किसी भी प्रकार का कोई पत्र नही दिया गया है ना ही इनका वेतन रोका गया और ना ही इनको सेवा समाप्ति का किसी प्रकार का नोटिस दिया गया है। जब एक ही संस्था मे दोनो पदस्थ है और दोनो मुख्यालय मे निवास नही करते तो एक के साथ मौसी और दुसरे के साथ जैसा व्यवहार क्यों किया जा रहा हैं। विकासखंड के ज्यादातर आयुष्मान आरोग्य मंदिर/उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ नियमित कर्मचारी मुख्यालय निवास नही करते निवास नही कर रहे है पर नियमित कर्मचारी होने के कारण इन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही किया गया है अथवा किया जा रहा है। विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र देवकर, हरडुवा, मोहतरा, मोहगांव, परषवोड़, धौराभाठा, कोंगियाकला, कुरलू, थानखम्हरिया, नवागांवकला, बनराका, हाटराका, हाडाहुली, खैरझिटीकला, घिवरी, ओडिया, पदमी मे कार्यरत नियमित कर्मचारी मुख्यालय मे निवास ना कर दुर्ग भिलाई, रायपुर, बेमेतरा, कवर्धा एवं अन्य स्थान से आना-जाना कर कार्य कर रहे हैं। इन पर किसी प्रकार की कार्यवाही ना कर जिला एवं विकासखंड स्तर से सिर्फ और सिर्फ संविदा कर्मचारियों को टारगेट कर उन पर ही कार्यवाही किया जा रहा है। जबकि संविदा कर्मचारी कर नियमित कर्मचारी की तुलना मे आधे से भी कम वेतन मिलता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों को मिलने वाला वेतन नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन का आधा भी नही है। फिर भी संविदा कर्मचारियों के द्वारा पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कार्य दायित्व का निर्वहन किया जा रहा हैं। इसके बावजूद विकासखंड व जिला स्तर से समस्त कार्य के लिए केवल और केवल संविदा कर्मचारियों के उपर ही दबाव दबाव बनाया जाता है यहाँ तक की नियमित कर्मचारियों का काम भी संविदा कर्मचारियों को कराया जाता है नही करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देकर नोटिस जारी कर दिया जाता हैं। जैसे- गर्भवती माताओं एवं बच्चो का टीकाकरण कार्य एएनएम / ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा किया जाता है तथा इसी कार्य के लिए एएनएम/ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक 01 से 02 वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर नौकरी में आये रहते हैं। परंतु जिला व विकासखंड अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जो कि बीएससी नर्सिंग (04-05) वर्ष की पढ़ाई कर नौकरी में आए है उनसे टीकाकरण कार्य करवाया जाता है जबकि इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशिक्षत ही नही हैं। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यदायित्व मे टीकाकरण कार्य है ही नही। त्याग पत्र में कहा गया है कि जुलाई 2023 मे शासन द्वारा विधानसभा के अनुपुरक बजट मे समस्त संविदा कर्मचारियों के वेतन मे 27 प्रतिशत वृध्दि की घोषणा किया गया था। तथा इसके लिए बजट भी स्वीकृत कर बहुत से विभागो के संविदा कर्मचारियों को दिया भी जा चुका है। किंतु 27 प्रतिशत वेतन वृध्दि का लाभ अभी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियों को नही दिया गया है। 27 प्रतिशत वेतन वृध्दि लाभ दिलाये/दिलवाने/प्रदान किये जाने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों के द्वारा जिला एवं राज्य स्तर के कार्यालय, मंत्रालय, राज्य विधानसभा के विधायको, राज्य के सांसदो, राज्य के मंत्रियो तथा मुख्यमंत्री को भी निवेदन / प्रार्थना पत्र / ज्ञापन दिया गया है परंतु दुख की बात है आज दिनांक तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मियो को 27 प्रतिशत का लाभ नही मिला हैं। उक्त समस्त कारणो से मै मानसिक रूप परेशान एवं क्षुब्ध होकर आज दिनांक 16/07/2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन नीति 2018 के संविदा नियम / शर्त के अनुसार मुझे मिलने वाले मासिक वेतन रूपये 18191 के समतुल्य राशि का डीडी (डीडी नंबर 550575) जमा कर त्यागपत्र दे रही हूँ। अतः मेरा त्यागपत्र स्वीकार करने की कृपा करें। साथ ही निवेदन है कि नियमित कर्मचारी से तथा संविदा कर्मचारी से मौसी जैसा व्यवहार ना कर एक समान कार्यवाही करें। ताकि कोई और संविदा कर्मचारी मेरी तरह परेशान होकर नौकरी छोडने पर विवश ना हों। साथ ही मेरे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा साथियों को 27 प्रतिशत अतिशीघ्र दिये जाने हेतु अपने लेवल से प्रयास करने की कृपा करें ।

# बृजमोहन और पुरंदर मिश्रा ने किया उत्तर के मतदाताओं का सम्मान

## भाजपा ने किया मतदाताओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र में तीसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनी जिस हेतु भारतीय जनता पार्टी मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन कर देश भर के मतदाताओं का आभार कर रही है । इसी कड़ी में आज जिला अध्यक्ष जयंती पटेल की अध्यक्षता में रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं का सम्मान समारोह रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित किया गया जहां उत्तर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के मतदाता कार्यक्रम में उपस्थित रहे जहां रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पुरंदर मिश्रा ने शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया । रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए कहा की इस ऐतिहासिक विजय में हम आपके द्वारा मिले अपरिमित स्नेह का हृदयतल से अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हैं उपस्थित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम हेतु भी आप सभी का बहुत आभार है हम सभी अपनी तरफ से भरपूर परिश्रम करते हैं परंतु उसे परिणाम तक हमारे सम्मानित मतदाता ही पहुंचाते हैं रायपुर लोकसभा अंर्तगत 9 विधानसभाएं आती हैं जिसमे विधानसभावार मतदाता अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमे से उत्तर विधानसभा सहित 5 विधानसभा में यह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है 3 और विधानसभाओं में आगामी 2 दिनों में कार्यक्रम संपन्न किए जायेंगे इसके साथ ही बहुत ही



महती योजना में हम सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है जिसका नाम है एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपना भरपूर योगदान देना है हमने रायपुर लोकसभा में 11 लाख वृक्षों का वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है और आप सभी को जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाना है । उन्होंने आगे कहा यह ऐतिहासिक जीत बृजमोहन की नही यह पूरे रायपुर लोकसभा के मतदाताओं , और कार्यकर्ताओं की है जिस हेतु आपका जितना अभिनंदन किया जाए कम है परंतु हमारी जिम्मेदारी अभी समाप्त नही हुई अपितु बढ़ गई है हमे रायपुर लोकसभा को देश की उत्कृष्ठ लोकसभा बनाने हेतु भरसक प्रयास करने है जिसमे आप सभी के सुझाव सदैव आमंत्रित हैं एवं बृजमोहन अग्रवाल पूर्व की तरह सदैव आप सभी के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा एवं आप सभी को आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए कमर कसकर तैयार रहना है जिससे हर क्षेत्र में भाजपा के प्रतिनियों का वर्चस्व रहे और प्रदेश के चहुमुखी विकास में किसी प्रकार की बाध्यता ना आए । कार्यक्रम की शुरुवात में अध्यक्षीय उद्बोधन जयंती पटेल द्वारा किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में उपस्थित सम्मानित मतदाताओं को धन्यवाद प्रेषित किया एवं कहा की आप सभी के स्नेहपूर्ण समर्थन की बदौलत आज हमने रायपुर लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से विजयश्री प्राप्त कर रायपुर लोकसभा से भारत के शीर्ष 10 बड़े अंतर से जीत हासिल करने वाली लोकसभा बनाया जिस हेतु आप सभी मतदाताओं का आभार एवं धन्यवाद । रायपुर लोकसभा के संयोजक अशोक बजाज ने उपस्थित मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की यह अनूठी पहल है मतदाताओं का सम्मान समारोह और वाकई में आप सभी मतदाता सम्मान के पात्र हैं क्योंकि विकट परिस्थितियों जैसे भीषण गर्मी और विपक्षियों द्वारा फैलाए जा रहे तमाम भ्रमों को धता बताते हुए आप सभी ने रायपुर लोकसभा को रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर इतिहास रचने का कार्य किया है। पूर्व सांसद सुनील सोनी ने भी मंच से उपस्थित मतदाताओं का अभिनंदन किया एवं कहा की अभी लड़ाई जारी रखना है विधानसभा या लोकसभा चुनाव ही अखरी नही अपितु नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में हमे बड़ी जीत हासिल कर मोदी की गारेंटी और विष्णुदेव साय के विश्वास को धरातल तक पहुंचाने में अपना योगदान देकर सुशासन की सरकार की मजबूत स्थापना करना है और यह भाजपा सरकार में ही संभव है ।आयोजित मतदाता सम्मान समारोह में विशेष रूप से प्रदेश मंत्री भाजपा किशोर महानंद , पूनम चंद्राकर प्रभारी रायपुर उत्तर , नलीनेश ठोकने संयोजक उत्तर विधानसभा , जिला महामंत्री सत्यम दुवा , मोहन एंटी , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , हरीश ठाकुर , राजेश पांडेय , अमरजीत छाबड़ा , सोनू सलूजा , उमेश घोरमोड़े , सुनील चौधरी , अनिल बाघ , मंडल अध्यक्ष गण गोरेलाल नायक , सुनील कुकरेजा , संतोष साहू , अनूप खेलकर , विशाल भूरा , ज्ञानचंद चौधरी , कमलेश शर्मा , अनीता महानंद , बेला साहू , अर्चना शुक्ला , संगीता जैन , अर्चना उकरे , अर्पित सूर्यवंशी , गंधर्व पांडेय , आशीष आहूजा , ।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की जेडएस ईवी की बिक्री तिमाही आधार पर 95 प्रतिशत बढ़ी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली शुद्ध इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी जेडएस ईवी के माध्यम से अपनी एनईवी (न्यू एनर्जी व्हीकल) यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जेडएस ईवी ने अबतक की सबसे ज्यादा मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। जेडएस ईवी की बिक्री 2024 की पहली तिमाही की तुलना में 2024 की दूसरी तिमाही में 95 प्रतिशत बढ़ी है, जो भारत में ईवी खरीदारों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय है कि, जून में कंपनी की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही, जो एमजी ईवी की बढ़ती मांग और अधिक ग्राहक स्वीकृति और संतुष्टि और जेडएस ईवी की और आकर्षणको उजागर करती है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की जून एनईवी बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़ी है, जिससे इस श्रेणी के लिए कंपनी की रणनीति और अधिक मजबूत हुई है। विनिर्माता के ओवरऑल एनईवी खंड ने 2024 की पहली तिमाही की तुलना में 2024 की दूसरी तिमाही में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसके इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी आने की ओर इशारा करता है। कंपनी हरित भविष्य का समर्थन करने के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी और एनईवी बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका ध्यान ग्राहकों को अत्याधुनिक एनईवी उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, जो दक्षता, प्रदर्शन और स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं। सतिंदर बाजवा, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, ने कहा, हमारे इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो के विस्तार पर हमारा ध्यान सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इसका प्रमाण एमजी ईवी की मजबूत बिक्री प्रदर्शन से मिलता है। उन्होंने आगे कहा, हमारी कुल बिक्री में एनईवी का महत्वपूर्ण योगदान टिकाऊ गतिशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# मर्सिडीज़-बेंज ने अपना लोकप्रिय 'विशबॉक्स' फाईनेंशल कैम्पेन शुरू किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार निर्माता, मर्सिडीज़-बेंज ने आज मर्सिडीज़-बेंज खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए अपना लोकप्रिय 'विशबॉक्स' कैम्पेन शुरू किया। इसके अंतर्गत मर्सिडीज़-बेंज ने 'विशबॉक्स' द्वारा ग्राहकों को एक नया और आसान फाईनेंशल समाधान प्रदान किया है, जिसमें 'स्टेप-अप ईएमआई', 'ज्यादा वार्षिक पेआउट के साथ कम ईएमआई' और 'ईएमआई होलिडे' जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके द्वारा ग्राहकों को अपनी फाईनेंशल जरूरतों के अनुरूप कस्टमाईज़्ड फाईनेंशल समाधान मिलते हैं। विशबॉक्स का उद्देश्य इनोवेटिव मोबिलिटी समाधानों के साथ मर्सिडीज़-बेंज खरीदना आसान बनाना और इसे खरीदने का सपना पूरा करना है। इस अभियान के साथ प्रबुद्ध ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप इनोवेटिव और व्यक्तिगत ओनरशिप का अनुभव प्रदान करने की मर्सिडीज़-बेंज की प्रतिबद्धता आगे बढ़ रही है। स्टेप-अप ईएमआई सॉल्यूशंसः शुरू में कम फाईनेंशल प्रतिबद्धता चाहने वाले अपग्रेड या ट्रेड-इन करने के इच्छुक ग्राहकों के लिए डिज़ाईन किए गए इस विकल्प में कम मासिक पेआउट से शुरुआत होती है, जो साल-दर-साल धीरे-धीरे बढ़ता चला जाता है, और अंत में एक बड़ी राशि का भुगतान करना होता है। यह उन वेतनभोगी प्रोफेशनल्स और लोगों के लिए उत्तम है, जो अपने वाहन को अपग्रेड करना या ट्रेड-इन करना चाहते हैं। स्टेप-अप के अंतर्गत ईएमआई 39,000 रुपये से शुरू होती है। इज़ी एन्युअल बेनेफिटः यह उन ग्राहकों के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो साल में एक बार बड़ा भुगतान करने के इच्छुक हैं, पर ईएमआई कम चाहते हैं। यह उन वेतनभोगी प्रोफेशनल्स के लिए उत्तम है, जिन्हें सालाना बोनस मिलता है, या समान स्तर के अन्य फाईनेंशल फायदे होते हैं। इसके अंतर्गत ईएमआई 60,000 रुपये से शुरू होती है। मर्सिडीज़-बेंज द्वारा खरीद के बाद पहले तीन महीनों तक शून्य से लेकर कम से कम ईएमआई का विकल्प पेश किया जा रहा है। यह ऑफर उन खरीददारों के लिए है, जो प्रारंभिक खर्चों का प्रभावशाली प्रबंधन करना चाहते हैं।

# योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने चलेगा दस्तक अभियान

## हर माह नोडल अधिकारी करेंगे गांव का निरीक्षण, दस्तक एप्प में जानकारी करना होगा अपलोड

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले में नवाचार के रूप में दस्तक अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक गांव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो माह के प्रथम सप्ताह गांव का निरीक्षण एवं लोगों से चर्चा कर योजनाओं एवं समस्याओं की जानकारी लेंगे। निरीक्षण की जानकारी को दस्तक एप्प में अपलोड करना होगा। निरीक्षण प्रतिवेदन का समय- सीमा में समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में दस्तक अभियान के सुचारु क्रियान्वयन के लिए जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने जिले में दस्तक अभियान के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बताया कि अभियान का उद्देश्य सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना तथा गांव के विकास कार्य को गति देना है। जिले के करीब 520 गांव के लिए एक- एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होने कहा कि नोडल अधिकारी आवंटित गांव को गोद लिए हुए गांव की तरह उसके विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, सडक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, खाद्य विभाग, कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग से सम्बंधित कार्यों एवं योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी आवंटित गांव का औचक निरीक्षण करें और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर सरपंच सचिव से ग्राम विकास या किसी प्रकार कीसमस्या हो तो उस पर चर्चा करें। कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा की समीक्षा करते हुए जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में नहीं किया जा सका है उनका निराकरण भी शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बारिश की स्थिति को देखते हुए खरीफ सीजन की खेती के लिए किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए एसडीएम एवं कृषि विभाग के अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य बल्दाकछार और अवराई गांव के शतप्रतिशत लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने तथा योजनाओं से लाभान्वित करते हुए गांव के विकास के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# मेरा बलम थानेदार' में बरखा बिष्ट ने रहस्यमयी महिला के रूप में एंट्री लेकर हंगामा बरपा दिया है

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलर्स का मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा 'मेरा बलम थानेदार' एक अजीब बदलाव के साथ कहानी में मिठास घोलने वाला है। अपनी दिलचस्प कहानी के लिए प्यार बटोरने के बाद, आईपीएस अधिकारी वीर (शगुन पांडे) और उत्साही बुलबुल (श्रुति चौधरी) के वैवाहिक सफर को दर्शाने वाला, यह शो मीठी माई के रूप में अभिनेता बरखा बिष्ट का स्वागत करेगा। 'मीठा मीठा बोलो' के तकियाकलाम के साथ, शो की यह नई सदस्य भगवान कृष्ण को समर्पित एक सुंदर गॉडवुमन है, जिसके एक हाथ में बांसुरी और दूसरे हाथ में टॉफी से भरी थैली है। एक साल की गहन तपस्या करने के बाद, मीठी माई अपने अजमेर आश्रम में लौट आती है, जिनके पीछे उनकी चमत्कारी प्रार्थनाओं की कसम खाने वाले भक्तों का जत्था है। ऐसा लगता है कि भगवान कृष्ण के मन में इस संत के लिए विशेष स्थान है, जिन्होंने उसे ऐसी अद्भुत शक्तियों का आशीर्वाद दिया है जो हर किसी को उनके सामने नतमस्तक और हैरान कर देता है। क्या उनके रहस्यमय तरीके वीर और बुलबुल के पहले से ही अस्त-व्यस्त ज़िंदगी में और भी उथलपुथल मचाएंगे। इसके अलावा, क्या वह वाकई चमत्कार करती हैं या फिर यह बस ढोंग है? यह तो आने वाला समय बताएगा। मीठी माई की भूमिका निभा रहीं बरखा बिष्ट कहती हैं, मैं इतने सालों के बाद टेलीविज़न पर वापसी करने को लेकर रोमांचित हूं, और ऐसा करने के लिए कलर्स पर 'मेरा बलम थानेदार' से बेहतर क्या हो सकता है। मीठी माई की भूमिका ताज़ी हवा के झोंके की तरह है - यह किरदार अपनी खासियत के कारण अलग दिखता है। भगवान कृष्ण को समर्पित एक सुंदर और बुद्धिमान गॉडवुमन के रूप में, वह शो में आकर्षक डायनेमिक लाती है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में जलस्त्रोतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



निजी जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान शुरूनिजी जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान शुरूकबीरधाम जिले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर सभी सार्वजनिक और निजी जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन और स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है। जिले के सभी सार्वजनिक एवं निजी जल स्त्रोतों की स्वच्छता के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और पीएचई विभाग इस कार्य मे लग गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध और निर्मल पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जिले के विकासखण्डों में कुल 13,538 जल स्त्रोतों, जिसमें कुएं, हैण्डपंप, सोलर पंप आदि शामिल हैं, का क्लोरिनेशन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासी बाहूल्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने इस कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य अमला और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी दी है। इसके लिए जिले के सभी विकासखण्डों में पांच-पांच दल गठित किए गए हैं, जो क्लोरिनेशन का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग और ग्राम स्तर पर मितानिनों को भी इस कार्य में शामिल किया गया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मौसमी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के जल स्त्रोतों की क्लोरिनेशन और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पंचायत की टीम द्वारा विशेष कार्य किया जाना चाहिए।इस अभियान से जिले के ग्रामीणों को शुद्ध और निर्मल पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी।

## जीतेन्द्र शर्मा विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कृषि उपज मंडी में जनहित एवं सार्वजनिक कार्यो के संपादन व आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, जितेंद्र शर्मा, नयापारा वार्ड, भाटापारा निवासी को भाटापारा विधायक इन्द्र साव द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाटापारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

// निविदा सूचना //
(प्रथम निमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 90/155906 | S/R, MOW WORKS AND SMALL DEPOSITE WORKS AT G.A.D. & JUDGES.COLONY RESIDENCIAL QUARTERS & CIVIL LINE RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING,AT CIVIL LINES RAIPUR UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO.-1, RAIPUR CHHATTISGARH | रू. 50.00 लाख |
| 92/155907 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT OLD MANTRALAYA SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 93/155908 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT OLD MANTRALAYA SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 94/155909 | INTERNAL & EXTERNAL PAINTING AND SATIN SYNTHETIC ENAMEL PAINTING AT NEW CIRCUIT HOUSE, CIVIL LINES SECTION UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO-1 RAIPUR CHHATTISGARH | रू. 25.00 लाख |
| 95/155910 | s.r., m.o.w. and other deposit works for vip bunglow in OLD MANTRALAY section under sub division - 1, raipur (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 96/155911 | S/R, MOW & DEPOSIT WORKS OF PANCHSHEEL NAGAR SECTION UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION, RAIPUR (C.G.) | रू. 30.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-242501107/3


# पहले चमक फिर गरज, जानिए कैसे बनती है बादलों के बीच बिजली



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कसडोल के पास आकाशीय बिजली गिरने से 25 बकरियों और महिला चरवाहे की मौत। हथबंद के करीब एक अन्य घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल। बीते सप्ताह की ही हैं, यह दोनों घटनाएं। तेज गड़गड़ाहट के साथ तेज आवाज और तेज चमक। आखिर बादलों के बीच बिजली कैसे बनती है ? आइए, जानें कैसे यह सब होता है ? बारिश का मौसम। खूब आ रहे हैं घने बादल। खूब गरज रहे हैं। तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली भयभीत भी कर रही है। साथ ही बढ़ रही है आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं और चपेट में आते मानव और मवेशी। जानमाल को हानि पहुंचाने वाली यह प्राकृतिक आपदा आखिर किस तरह धरती पर पहुंचती है ? इसकी जानकारी मौसम वैज्ञानिकों ने न केवल साझा की है बल्कि सुरक्षित रहने के उपाय भी सुझाए हैं।

### पहले चमक फिर गरज

बादलों के बीच पानी के छोटे-छोटे कण होते हैं, जो वायु के संपर्क में आने पर आवेशित हो जाते हैं। यह प्रक्रिया बादलों पर पॉजिटिव और नेगेटिव चार्ज की वजह बनती है। यह दोनों चार्ज वाले बादल जब एक दूसरे से टकराते हैं, तब लाखों वोल्ट की बिजली बनती है। चमक के रूप में नजर आने वाली यह बिजली, तेज गर्मी उत्पन्न करती है। इससे वायु का फैलाव होता है। इससे पहले से मौजूद कण आपस में टकराते हैं। प्रतिक्रिया स्वरुप यह टकराव गरज के रूप में सुनाई देता है।

### बरतें यह सावधानी

यदि खुले क्षेत्र में हैं तो पेड़ों के नीचे शरण नहीं लें। आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में धातु की वस्तुएं जैसे बाइक, छतरियां और मोबाइल फोन जैसे उपकरण के संपर्क से भी बचें। भवन के अंदर होने की स्थिति में बिजली के उपकरण से संपर्क ना करें। दरवाजे खिड़कियां बंद रखें।

### ऐसा इसलिए

बिजली की चमक और गड़गड़ाहट लगभग एक साथ होती है लेकिन बिजली की चमक पहले नजर आती है और आवाज बाद में। इसकी बड़ी वजह यह है कि प्रकाश की गति लगभग 300,000 किलोमीटर प्रति सेकंड होती है, तो वहीं ध्वनि की गति प्रकाश की गति से लगभग आधी। यही वजह है कि बिजली की चमक पहले नजर आती है और ध्वनि बाद में सुनाई देती है। दोनों स्थितियां जानमाल को बेहद नुकसान पहुंचाने वाली मानी जाती है।

### यहां खतरा सर्वाधिक

आकाशीय बिजली गिरने का सर्वाधिक खतरा इमारत, खेतों में काम करने वाले, पेड़ों और तालाब में नहाते हुए लोगों पर होता है। यह इसलिए क्योंकि चार्ज बादल जब धरती के ऊंचे पेड़ या इमारत के करीब से गुजरते हैं, तब उससे चार्ज के विरुद्ध विपरीत चार्ज उत्पन्न होता है। इसकी मात्रा काफी ज्यादा होने की स्थिति में बिजली के रूप में प्रभावित इमारत या पेड़ पर प्रवाहित होती है। इसे आकाशीय बिजली गिरना कहा जाता है। जो जानलेवा साबित होती है।

### बादलों के बीच बनती है आकाशीय बिजली

बादलों के बीच मौजूद पानी के कण वायु के संपर्क में आते ही नेगेटिव और पॉजिटिव चार्ज की स्थिति बनाते हैं। यह दोनों जब आपस में टकराते हैं, तब लाखों वोल्ट की बिजली उत्पन्न होती है। इसकी मात्रा अधिक होने पर यह बिजली धरती तक पहुंच जाती है। इसे ही आकाशीय बिजली कहा जाता है।

– डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

# आकाशीय बिजली के असर से इंसुलेटर खराब, बाधित हुई बिजली आपूर्ति... इधर बारिश से किसानों को मिली थोड़ी राहत

## मॉनसून में खंड वर्षा का प्रभाव, कहीं बेहद कम तो कहीं औसत बारिश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मंगलवार-बुधवार की बारिश ने पूरे महीने की कमी को काफी हद तक पूरा कर दिया है। हालांकि, औसत में देखें तो इस बार 10 वर्षों की औसत से कहीं कम बारिश अब तक हुई है। दो दिनों में हुई बरसात से किसानों को बड़ी राहत मिली है। बुधवार तकरीबन पूरा दिन बारिश हुई है। इस बीच कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना है। शहर में सोनारपारा में गाज गिर गई। इससे एक घर में बिजली के बोर्ड में आग लगने की खबर है। शहर में कई जगहों पर इंसुलेटर के खराब होने के कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। दरअसल, आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में बिजली के खंभों में लगे इंसुलेटर इसे अवशोषित कर लेते हैं। इससे कई बार इनके खराब होने और तार टूटने के मामले सामने आते हैं। बहरहाल, ऐसी शिकायतों पर विद्युत कंपनी का अमला लाइन रिपेयर करने में जुटा रहा। कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर में भी दिक्कतें आईं। कुछ फेस के कनेक्शन में आई तकनीकी समस्याओं की रिपोर्ट भी स्टेशन तक पहुंचती रही। मौसम केंद्र लालपुर ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया था। भारी वर्षा की चेतावनी के बीच दोपहर 12 बजे के बाद तेज बारिश शुरु हुई। पूरा दिन बादल छाए रहे। इस बीच देर शाम मौसम केंद्र ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और राजनांदगांव जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर बारिश के बढ़ने के आसार जताए।



### खंड वर्षा ने चिंता बढ़ाई

इस बार की मॉनसून के सि य होने में देरी के साथ खंड वर्षा ने चिंताए बढ़ाई हैं। 19 जून से मॉनसून के सि य होने के बाद भी अच्छी बारिश के लिए तकरीबन एक महीने का इंतजार करना पड़ा है। बेहतर बारिश की संभावनाएं सामने आने के बाद किसानों ने काफी पहले ही खेती किसानी के काम में खुद को झोंक दिया। लेकिन इसके बाद बारिश ने मुंह मोड़ लिया। सिस्टम न बन पाने के चलते बारिश नहीं हुई।

### बीज खराब, रोपा को फायदा

बारिश के हालात ने किसानों के लिए अब भी चिंताए कम नहीं की है। एक महीना या पखवाड़े भर पहले खेतों में डाले गए बीज के खराब होने की आशंका है। किसानों को दोबारा बीज बोआई की प्रक्रिया जरुरी महसूस हो रही है। उन्हें दोबारा बीज खरीदना पड़ रहा है जो कि उनके लिए नुकसान का ही सौदा है। इधर, धान के पौधे तैयार कर रोपा का इंतजार कर रहे कृषकों को अब जाकर थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, खंड वर्षा के चलते सभी स्थानों पर परिस्थितियां एक समान नहीं है।

### डोंगरगांव में सबसे कम बारिश

बारिश के साथ ही उमस में कमी और तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। इस दफा मॉनसून में औसत से 70 प्रतिशत ही बारिश हुई है। उसपर अलग-अलग तहसीलों में ये आंकड़े अलग-अलग हैं। सबसे कम बारिश डोंगरगांव इलाके में दर्ज की गई है तो सबसे ज्यादा लालबहादुर नगर क्षेत्र में। डोंगरगढ़ में अब तक 245.7 मिमी, राजनांदगांव में 224.8, डोंगरगांव में 116.6, छुरिया206.9, लालबहादुर नगर 307.5, घुमका 271.0, कुमरदा 210.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सनक मिजाज शराबी पति ने पार की क्रुरता की हद

## मायके में आई पत्नि की खेत में कुल्हाड़ी से हत्या, पिता ने दो मासूम बच्चों से छिन लिया मां का आंचल

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ससुराल से कुछ दिनों के लिए मायके आई पत्नि की सनकी पति ने ससुराल पहुंचकर खेत में टंगिया से वार कर जघन्य हत्या कर दी। घटना लालबाग थाना क्षेत्र के ग्राम बुद्धूभरदा की है। घटना मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे की बताई जा रही है। पत्नि अपनी दोनों भाभियों के साथ खेत मे काम कर रही थी। इसी दरम्यान शराबी पति ने क्रूरता की हद पार करते हुए पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बुद्धूभरदा में कारित इस घटना की ख़बर फैलते ही अंचल में सिहरन सी दौड़ गई। दरअसल मृतिका भुवनेश्वरी साहू 30 वर्ष पति ओमप्रकाश साहू, साकिन कोटरासरार हैं।



दोनों ही पति पत्नी के मध्य आपस में कुछ दिनों से अनबन की खबर है। वहीं पति ओमप्रकाश को ग्रामीणों द्वारा शराबी बताया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो कुछ दिनों पुर्व ही पत्नी अपने मायके आई थी। घटना दिवस को पत्नी अपने मायके के खेत में अपनी दोनों भाभियों कुमारी साहू एंव सुलोचना साहू के साथ काम कर रही थी। तभी आरोपी पति ओमप्रकाश कुल्हाड़ी यानी टँगिया लेकर सीधे खेत पहुंचकर अपनी पत्नी के गले मे ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि मृतिका की भाभियों ने बीचबचाव किया, लेकिन शराबी व्यक्ति को वे रोक नही पाईं। घटना के बाद लालबाग पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे आरोपी युवक को शिवनाथ नदी समीप गिरफ्तार कर लिया है।

### मां की ममता से महरूम बच्चे

ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि मृतिका महिला के दो बच्चे है। एक बेटी 8 साल की है, व 6 साल का बेटा है। ग्रामीणों व मृतिका के मायके पक्ष की माने तो आरोपी पति ने पुर्व से ही 30 जून को ही अपनी पत्नि को हत्या करने की धमकी दे डाली थी। घरेलू विवाद के बाद पत्नी के मायके में जाने से शराबी पति ने ससुराल पहुंचकर क्रूरता की हद पार कर दी।

**एसएसआर सिविकॉन ब्लैक लिस्टेड, टेंडर रद्द- राजनांदगांव।** निकाय क्षेत्र में 17 वार्डों में सड़क मरम्मत, पैचवर्क और डामरीकरण का काम डेढ़ साल से पूरा नहीं किए जाने के चलते ठेकेदार संजय सिंगी की फर्म एसएसआर सिविकॉन सप्लाई लिमिटेड के दो टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। ठेकेदार को एक साल के लिए ब्लैक लिस्टेड भी कर दिया गया है। वहीं 3 लाख 82 हजार रुपए की पेनल्टी भी लगाई गई है। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक एसएसआर सिविकॉन सप्लाई लिमिटेड को दो समूहों में वार्ड क्रमांक 1 से 17 तक की सड़कों के पैचवर्क, मरम्मत और डामरीकरण का टेंडर दिया गया था। लेकिन डेढ़ साल पहले टेंडर का अनुबंध करने के बाद भी ठेकेदार ने ज्यादातर हिस्से में काम शुरू ही नहीं किया। ठेकेदार को लगातार नोटिस जारी किया गया। तीसरे और अंतिम नोटिस के बाद भी ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया। जिसके बाद 15 जुलाई सोमवार को निगम प्रशासन ने ठेकेदार एसएसआर सिविकॉन के टेंडर को रद्द कर दिया है और जमा सुरक्षा निधि को कब्जे में लिया है।

# 20 से बर्फानी आश्रम में दो दिनी गुरूपूर्णिमा महोत्सव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आगामी 20 जुलाई से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरू परिवार के सदस्य व श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत आगामी 20 जुलाई को संध्या 4 बजे से महिला मंडलियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही लोक कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 21 जुलाई को सुबह 8 बजे से गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात बर्फानी दादा का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। सुबह 10 संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं अन्य सदस्यगण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

**रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 22 को-राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 22 जुलाई 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में नवा किसान बॉयो प्लांटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर केवल पुरूष एवं अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र खैरागढ़ द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, यूनिट मैनेजर, ग्रामीण वृत्तिक अभिकर्ता, अभिकर्ता के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड सहित मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है।

# पुलिस विभाग ने थाना परिसर में रोपे 200 पौधे

## छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

पुलिस विभाग ने थाना परिसर में वृहद पौधारोपण किया। पुलिस लाईन द्वारा प्रदत्त लगभग 200 विभिन्न प्रजाति के फलदार व छायादार पौधे रोपकर पुलिस विभाग ने संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। टीआई के मार्गदर्शन में आयोजित पौधारोपण अभियान में राहगीरों को भी पौधारोपण हेतु प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर टीआई उपेन्द्र शाह, एसआई दिनेश धृतलहरे, लाभाराम ध्रुव व भानु यादव, विजय साहू, देवकुमार रावटे, ईश्वर यादव व रवि शंकर पैकरा के अलावा कल्पना अम्बादे, प्रकाश चन्द्रवँशी, बुपेंद्र कौचे, बद्री दिनकर व संदीप दिनकर, आशाराम ध्रुव, जितेश साहू, ओंकार कुर्रे, नंद मंडावी, चंद्रपाल धृतलहरे, कौशल सुधाकर, राकेश साहू, गुलशन कंवर, महंत सिंग, वीरेंद्र मंडावी, राजकुमारी रत्नाकर, भूमिका यादव व अभिलाषा सिंह मौजूद थे।



### 23 से 27 तक नि :शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा 23 से 27 जुलाई तक सिंधु भवन जीई रोड में समाज स्तर पर निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के दक्ष चिकित्सकों द्वारा बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निःशुल्क इलाज किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी व बक्साराम अंदानी ने संयुक्त वक्त व्य में बताया कि इस शिविर में लगातार 5 दिनों तक कमर दर्द, घुटने दर्द, हड्डियों में कमजोरी, नींद का कम आना, खड़े रहने में दर्द, कमर का झुक जाना, मनके में गैप होना, घुटने में सूजन होना, पानी भर जाना, पालथी मारकर नहीं बैठ पाना, चलते समय दर्द होना, हड्डियों का घिसना इत्यादि बीमारियों का प्राकृतिक चिकित्सा से उदयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक इलाज करेंगे।

# सांसद से की मुलाकात, एक हफ्ते में हटेगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत राजनादगांव विधानसभा के प्रभावित गांव भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत आ रहे 17 गांव पर खरीदी, बिक्री, डायवर्सन पर पिछले डेढ़ साल से लगे रोक को हटाने के लिए ग्रामीणों किसानों के साथ प्रतिनिधि मंडल ने सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर समस्या रखीं। सांसद संतोष पाण्डेय ने किसानों के सामने एनएच के उच्च अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने जिला प्रशासन से बात कर एक हप्ते के अंदर खरीदी बिक्री पर लगे रोक को हटाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्य तौर पर मण्डल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मण्डल महामंत्री कृष्णा तिवारी सहित प्रभावित ग्रामीण मौजूद रहे।





**राजनांदगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के बाद से पौधरोपण का सिलसिला शुरु हो चुका है। एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने थाना प्रांगण में पौधरोपण किया। स्टॉफ के अन्य जवानों ने भी कई पौधे यहां रोपे हैं। सभी ने पौधे के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# डेंगू एवं मलेरिया से बचने जारी की एडवाईजरी

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के संबंध आवश्यक सलाह दी गई है। डेंगू से बचने के लिए कार्यालय, निवास एवं आस पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें। डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफकर पानी भरें।

घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजो में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

### छात्रावास संचालन हेतु भवन की आवश्यकता

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय राजनांदगांव में संचालित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नंदई राजनांदगांव (100 सीटर) के संचालन हेतु सुविधायुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। किराए पर भवन देने के लिए इच्छुक निजी भवन मालिक कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 विभागीय उप अभियंता से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# इस्पात प्लांट से स्कैप चोरी करते 4 पकड़ाए, ट्रक सहित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले के जोरातराई स्थित प्राईवेट इस्पात प्लांट में फैक्ट्री परिसर में रखे खराब लोहा (स्क्रेप्ट लोहा) की चोरी करते 4 आरोपियों को प्लांट की सुरक्षा में तैनात गार्डों ने घेरकर पकड़ लिया। इस मामले की सोमनी पुलिस में शिकायत हुई। पुलिस ने मौके में पहुंचकर चार आरोपियों को अशोक लीलैंड ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। जोरातराई के क्रेस्ट स्टील प्रा. लि. कंपनी में 16-17 जुलाई की दरम्यानी रात को रायपुर-भिलाई के रहने वाले 4 आरोपी को स्क्रेप्ट लोहा चोरी करते रात्रि गश्त कर रहे गार्ड ने देख लिया। इसके बाद गार्ड ने विसिल बजाकर अन्य सुरक्षाकर्मियों को मौके पर बुलाया। 6-7 सुरक्षाकर्मियों को एक साथ देखकर आरोपी नरेन्द्र दास मानिकपुरी, आफताब अंसारी, महाराजा गोड और रूपेश देशमुख ने चाकू दिखाकर डराने की कोशिश की। मौके पर लगातार दूसरे कर्मी पहुंचने लगे। भीड़ देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। जिसमें सभी आरोपियों को सुरक्षाकर्मियों ने धरदबोचा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एक ट्रक में 90 हजार कीमती के स्क्रेप्ट लोहा को चुराने के लिए आरोपी पहुंचे हुए थे। इस संबंध में सोमनी थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ और भी जानकारी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पास से एक नग चाकू भी जब्त किया गया है।



### मानपुर में आयुष मेला 19 को

**राजनांदगांव।** एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन यात्री प्रतीक्षालय भवन बस स्टैंड मानपुर में 19 जुलाई को 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा। उपरोक्त शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से नए व पुराने समस्त प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाएगा एवं दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएगी। आयुष विभाग द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील जनता से की गई है।

# महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य आज आएंगे, गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। यहां अग्रसेन भवन में शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन किया जाएगा। वे गुरुवार को यहां पहुंचेंगे। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होने जा रहा है। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई रविवार को अग्रसेन भवन, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। सुबह 09:00 बजे पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा गुरु की महत्ता विषय पर प्रवचन होगा, 10:00 बजे पूज्य स्वामी जी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवम सदगुरुदेव जी का पूजन किया जाएगा। 10:30 बजे से शिष्यों द्वारा पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन विधि विधान से किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे आरती होगी। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डा.कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में पूज्य गुरुदेव भगवान के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच साज सज्जा, गुरु पूजन, गुरु प्रसादी की व्यवस्था की जानकारी दी गई। बाहर से आने वाले गुरु भाई एवम बहनों के आवास इत्यादि की समुचित व्यवस्था सत्यनारायण धर्मशाला में की गई है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गुरुदेव की आवास व्यवस्था डा.कल्याण साहू के निवास, रघुवर मार्ग, केशर नगर, राजनांदगांव में रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डा.कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हित्तू, पवन लोहिया, मती संगीता चंद्रकांत जोशी एवम मती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए।



## प्रशासन ने एहतियातन तौर पर खेत को कराया सील, खेत में 20 फिट से अधिक जमीन हुई जमींदोज

# किसान के खेत में लैंड स्लाईड से किसानों में दहशत





पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम पेंडरवानी में मंगलवार को एक कृषक के खेत मे जुताई दरम्यान लैंड स्लाईड हो गया। घटना लगभग दोपहर 12 बजे की बताई गई है। लैंड स्लाईड होने खेत में लगभग 10 फिट चौड़ा हिस्सा लगभग 20 फिट तक नीचे धसाव हो गया। इससे भूमि स्वामी किसान के अलावा समूचे अंचल में हड़कंप मच गया। दरअसल पेंडरवानी गांव स्थित बिसौहा बागमारे के खेत में लीज पर खेती करने वाले एक बुजुर्ग किसान अपने खेत में पानी भराव करके रोपाई की तैयारी कर था। तभी अचानक ही एक अजीब सी आवाज के साथ खेत का कुछ हिस्सा धरती में समा गया। तब बुजुर्ग किसान ने इस आशय की जानकारी अपने बेटे दीनदयाल पटेल व पूर्व सरपंच दीपचंद साहू को दी। इस दरम्यान थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। इस आशय की खबर फैलते ही मीडिया के पहुंचने के बाद प्रशासन को सूचना दी गई। इस वाकये से किसानों में दहशत है। वहीं अंचल में कौतूहल का विषय बना हुआ है।

### लैंड स्लाइड की भौगोलिक स्थिति

उक्त गड्ढा ऊपर से संकरा है परन्तु भीतरी भाग में उसकी गोलाई व गहराई काफी अधिक दिखाई दे रही है। इस मामले में कृषक ने बताया कि समीप के बोर से बीते दो दिनों से पानी में पीली मिट्टी आ रहा था। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी भौगोलिक गतिविधि नहीं दिखाई दी। बहरहाल आसपास कोई माइंस नही होने से ये वाकया कौतूहल का विषय बन गया है।

### क्या कहते हैं भूगर्भ एक्सपर्ट

इस मामले में भूगर्भ जानकार तथा कोलइंडिया में सीनियर मैनेजर शरद गोस्वामी ने बताया कि ऐसी घटना को पॉट होल्स कहा जाता है। इसमें जमीन अचानक एक निश्चित स्थान पर धंस जाती है। नीचे पुराना कुंआ या अन्य कोई जलस्त्रोत अथवा प्राकृतिक दरार तथा उसमें पानी के बहाव से नीचे की मिट्टी बहने लगती है, और अधिक नमी तथा नीचे की भूमि से मिट्टी के कटाव के चलते जमीन अचानक धंस जाती है।

लैंड स्लाईड के बाद स्पॉट सहित खेत को सील किया गया है।
**-मनोज मरकाम, एसडीएम**

# शास महाविद्यालय में फूड टेक्नालॉजी का 4 वर्षीय पाठ्यक्रम

**राजनांदगांव।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर का शासकीय फुड टेक्नालॉजी कॉलेज, रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश का एक मात्र महाविद्यालय है जो बी.टेक. (फुड टेक्नालॉजी) का 4 वर्षीय पाठ्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली से अनुमोदित सिलेबस के अनुरूप 2020 से प्रदेश की राजधानी रायपुर में संचालित है। इस महाविद्यालय का प्रथम बैच मई 2024 में सभी प्रकार के प्रशिक्षण, इन्टर्नशीप एवं विषयों के अध्ययन पश्चात् परीक्षा उत्तीर्ण कर चुका है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को फुड इन्डस्ट्री से कैम्पस सेलेक्शन द्वारा प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हो चुका है। वर्ष 2024-25 में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रक्रिया का विज्ञापन एवं दिशा-निर्देश शीघ्र ही समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने वाले है। इस 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थीयों को फुड टेक्नालाजी, फुड इंजीनियरिंग, फुड माइक्रोबायोलॉजी, फुड केमेस्ट्री, फुड क्वालिटी टेस्टिंग, फुड बिजनेस मैनेजमेंट, फुड न्यूट्रीसन, फुड प्लांट ऑपेरशन आदि से संबंधित विषयों को महत्व के अनुसार शिक्षण एवं प्रायोगिक कार्य हेतु अलग-अलग कार्य निर्धारित किए गए है। इस पाठ्यक्रम की प्रति सेमेस्टर की फीस लगभग रू. 13,000 है, एवं शासन स्तर से निर्धारित सभी प्रकार के आरक्षण के नियमों का पालन कर प्रवेश दिया जाता है। बी. टेक. (फुड टेक्नालाजी) कोर्स की 36 सीटों में प्रवेश हेतु विद्यार्थी को गणित, भौतिक, रसायन विषय के साथ 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हैं तथा व्यापम छत्तीसगढ द्वारा आयोजित पी.ई.टी. की परीक्षा में प्रावीणता के आधार पर प्रवेश दिया जाता हैं। वर्ष 2024-25 में इस पाठयक्रम में प्रवेश का विज्ञापन शीघ्र ही जारी किया जावेगा एवं अधिक जानकारी हेतु www.igkv.ac.in का भ्रमण करें। प्रवेश संबंधित जानकारी हेतु 9425525249 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं।

# युवा कौशल प्रशिक्षण के तहत मशरूम उत्पादन पर छः दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मशरूम उत्पादन हेतु आवश्यक सामग्री का किया गया वितरण

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, भलेसर, महासमुंद द्वारा 4 से 10 जुलाई 2024 तक ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण के तहत मशरूम उत्पादन पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम धनसुली/कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मशरूम उत्पादन हेतु आवश्यक सामग्री जैसे मशरूम स्पॉन, बाविस्टीन, फार्मलीन इत्यादि का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. सतीश वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा मशरूम की महत्व व संभावनाओं के विषय में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दिया तथा उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन को समूह के माध्यम से भी इसे व्यावसायिक रूप से लिया जा सकता है। श्रीमती रजनी डी. आगाशे, वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) द्वारा मशरूम के पौष्टिक व औषधीय गुण, आयस्टर मशरूम, पैरा फूटू मशरूम उत्पादन विषय पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले दो दिनों तक डॉ. प्रफुल्ल सोनी, सहायक प्रध्यापक, कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र, कांपा द्वारा (मशरूम बीज) बनाने के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिणार्थियों को केन्द्र के उत्तम साहू द्वारा मशरूम स्पॉन बनाने में उपयोग में आने वाले उपकरणों की प्रायोगिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में धनसुली ग्रामीण तथा नयापारा की सक्रिय युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रोहित बांधे, टुम्मन लाल साहू एवं ओंकार साहू का विशेष योगदान रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ''एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. सतीश वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद द्वारा ग्राम पंचायत धनसुली परिसर में वृक्षारोपण किया गया। बता दें कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में मशरूम उत्पादन की तकनीकी सैद्धांतिक व प्रायोगिक रूप से जानकारी लेकर उनमें कार्यकुशलता विकसित करना है, ताकि वे इसे लघु व्यवसाय के रूप में अपनाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सके तथा बेरोजगारी से रोजगारी की दिशा में अग्रसर हो सके।



# चार प्रतिशत डीए व बकाया एरियर्स की एक सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारी संगठन हुए लामबंद

## प्रांताध्यक्षों की मंत्रालय में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की इंद्रावती भवन नया रायपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश भर से दो दर्जन से अधिक कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चुनाव के दौरान राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से डीए एवं पिछले डीए की एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजन करने की सरकार द्वारा दी गई मोदी की गारंटी को पूरा कराने के लिए प्रदेश के समस्त संगठनों से कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले संघर्ष करने का आव्हान किया गया है । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ जिला संयोजक दीपक शर्मा, मीडिया प्रभारी मनहरण भास्कर, कोषाध्यक्ष संजय नारंग,पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव भाई, अशासकीय अनुदान प्राप्त संघ के अध्यक्ष हेमंत ठाकुर ,प्रकाश पवार, विद्यालय कर्मचारी संघ के रोहित साहू,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आरएस टंडन, टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष भूषण लाल चंद्राकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय सयोजक अनिल शुक्ला एवं मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत द्वारा संयुक्त मोर्चा की आयोजित बैठक में विभिन्न संगठनों के उपस्थित प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने पिछले सात माह से प्रायः सभी कर्मचारी संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री, वित्त मंत्री सहित प्रमुख जन प्रतिनिधियों से संपर्क कर केंद्र के समान डीए देने की मांग कर चुके हैं उसके बाबजूद राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियो एवं अन्य राज्य के कर्मचारियों की तुलना में 4 फीसदी कम डीए 1 जनवरी 20240 से मिल रहा है ।सरकार द्वारा डीए की घोषणा करने में हो रहे विलंब के कारण पूरे प्रदेश साढ़े चार लाख कर्मचारी एवं डेढ़ लाख पेंशनरों में आक्रोश है। समस्त वक्ताओं ने कहा की जिस प्रकार से जुलाई 2023 में प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों ने सयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकजुटता दिखाकर तत्कालीन भूपेश सरकार को एक मुस्त 9 प्रतिशत डीए तथा 9 प्रतिशत एच आर ए देने के लिए विवश कर दिया था उसी एक जुटता के साथ पुनः संघर्ष का शंखनाद किया जाय।सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई से विधान सभा सत्र को देखते हुए संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के वित्त मंत्रीएमुख्य मंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी मांग रखेगा।

# हत्या की आशंका भटक रही बूढ़ी माँ को न्याय दिलाने संगम समीति आया आगे

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली समीपस्थ ग्राम कुटेला में लगभग पंद्रह दिन पूर्व गाँव के ही तालाब से गाँव के ही मुकेश दास नामक व्यक्ति का शव प्राप्त हुआ,पुलिस द्वारा मर्ग क़ायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को शौंप दिया गया,घटना के उपरांत ही गाँव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है दबी ज़बान से लोग गाँव के ही कुछ लोगो का नाम ले रहे एवं पुलिसियाँ जाँच पर सवाल उठा रहे है घटना स्थल पर उपस्थित कई लोगो ने फोटो वीडियो भी बनाया हुआ है जिसमे स्पष्ट मृत व्यक्ति के कान से खून निकलते दिख रहा है फोटो वीडियो देख कर गाँव वाले कुछ और ही कह रहे है अब घटना के एक माह बाद भी प्राथमिकी दर्ज कराने जवान बेटे की बूढ़ी माँ थाने के चक्कर काट रही बूढ़ी माँ का कहना है वह पढ़ी लिखी नहीं है अब न्याय के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है मृत व्यक्ति की माँ ने संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल से संपर्क किया तब अग्रवाल ने महिला को आश्वासन दिलाया है आख़री स्थिति तक न्याय के लिए संगम सेवा समिति एवं सभी सदस्य महिला के साथ है।



# मानस शक्ति केन्द्र गुजरा के पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज मानस संघ के आतिथ्य में मानस शक्ति केन्द्र गुजरा का वार्षिक सम्मेलन एवं पदाधिकारियों का मनोनयन साहू समाज भवन गुजरा में 16 जुलाई मंगलवार को सम्पन्न हुआ, वार्षिक सम्मेलन का शुभारंम्भ भगवान श्री राम चन्द्र जी की पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ । अध्यक्ष राजेश कैशाल द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया तथा 3 वर्ष की कार्यकाल पूर्ण होने की जानकारी देने के साथ सभी पदाधिकारियों की कार्यशैली को देखते हुए सर्व सम्मति से पुनः 3 वर्ष के नियुक्त किया गया, साथ ही आगामी पूज्यपाद संत शिरोमणी गोसाई तुलसीदास जी की जयंती मानस ग्राम जुनवानी में 11 अगस्त रविवार को मनाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर राजमानस संघ के अध्यक्ष अर्जुनपूरी गोस्वामी, सचिव डॉ जेएल देवांगन, संरक्षक एसडी् साहू, सलाहकार आरआर साहू के अलावा मानस शक्ति केन्द्र के समस्त सदस्य पदाधिकारी एवं गांव के आमंत्रित अतिथि गण उपस्थित रहे। इसकी जानकारी शक्ति केन्द्र के उपाध्यक्ष डॉ लोकेश साहू ने दी।

# तहसील दफ्तर परिसर में आम जनता से डॉ. चोपड़ा मिलेंगे

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा, पार्षद देवीचंद राठी, पवन साहू, मोहन साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, सुरेन्द्र महाराज, जितेन्द्र साहू, राकेश सचदेव, एवं अन्य साथियों द्वारा शुक्रवार 19 जुलाई को 11:00 से 12:00 के बीच एस.डी.एम. कार्यालय परिसर महासमुंद में जनता की समस्याओं को लेकर आम लोगों से भेंट किया जाएगा। उन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए एस.डी.एम. एवं तहसीलदार से मिलेंगे एवं लोगों की समस्याओं के हल हेतु चर्चा कर समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, क्षेत्रीय महासचिव संगठन अजय जामवाल की उपस्थिति में निर्णय लिया गया की आम जनता की समस्याएं सुनी जाए और अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का निराकरण किया जाए। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति में भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं द्वारा बदली हुई परिस्थितियों में जनता की समस्या दूर करने हेतु कार्य करने के निर्देश के पालन में प्रति बुधवार एस.डी. एम. कार्यालय में अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

डॉक्टर चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि बुधवार प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य उनसे एस.डी.एम. कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य सरकारी विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

# मोदी के पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने जनता पर महंगाई का बोझ : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि बढ़ती महंगाई को रोकने मोदी सरकार का दावा खोखला साबित हो रहा है। अब लोगों के रसोई का बजट गई गुना बढ़ गया है। केंद्र सरकार समय रहते महंगाई को रोकने उचित कदम उठाते तो महंगाई दर आज उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचता। महंगाई मैन मोदी देश की जनता पर महंगाई का बोझ दिन प्रतिदिन बढ़ा रही है। इससे गरीब से मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन यापन दूभर हो गया है। चंद्राकर ने पीएम मोदी को महंगाई के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आम लोगों के जीवन को काफी प्रभावित किया है। निरंतर हो रहे मूल्यवृद्धि के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर है। पहले खुदरा महंगाई ने परेशान किया और अब थोक महंगाई की दर भी लगातार बढ़ी है। जून में देश की थोक महंगाई दर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36त्न पर पहुंच गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 फीसदी थी, जो बढ़कर आज 3.36 फीसदी पहुंच गई। पूर्व संसदीय सचिव ने महंगाई को लेकर डबल इंजन सरकार को कोसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब का निवाला छीनकर अपने चंद पूंजीपति मित्रों को देते हैं। महंगाई से पीड़ित गरीबों की तकलीफसे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जुलाई में थोक महंगाई दर ने एक साल चार महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और सब्जियों से लेकर खाने की वस्तुओं में बेतहाशा महंगाई दर्ज हुई है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.68 प्रतिशत बढ़ी है जबकि दाल की महंगाई 21.64 प्रतिशत और सब्जियों की महंगाई 38.76 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है।

# कलेक्टर ने दिव्यांग टिकेश्वर एवं गौरी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान किया

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर प्रभात मलिक ने दिव्यांग टिकेश्वर पटेल एवं गौरी खंडेल को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की चाबी सौंपी। कलेक्टर ने दोनों से चर्चा कर उनके कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांगों को जरूरत और आवश्यकता मुताबिक मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण देने कहा तथा समय-समय पर बैटरी चार्ज और अन्य तकनीक के बारे में जानकारी लेने की बात भी कही।
34 वर्षीय दिव्यांग टिकेश्वर पटेल पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अठारहगुड़ी के रहने वाले है, जो सब्जी एवं फल व्यवसाय का कार्य करता है। 30 वर्षीय गौरी खंडेल ग्राम रेमडा में निवास करती है जो पूर्व में निजी कम्प्यूटर ऑपरेटर थी। कलेक्टर के हाथों ट्राई साइकिल पाकर वे दोनों बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि पहले आने-जाने के लिए परिजन या किसी व्यक्ति का सहारा लेना पड़ता था। मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिल जाने से अब उन्हें गांव या गांव से बाहर आने-जाने में आसानी होगी। दिव्यांग टिकेश्वर पटेल ने बताया कि अब उन्हें अपने व्यवसाय के द्वारा आर्थिक स्थिति में और सुधार करने का मौका मिलेगा। इसी तरह गौरी खंडेल ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिला है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संगीता सिंह ने बताया कि दोनों दिव्यांग 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, इसलिए ऑटोमेटिक ट्राई साइकिल समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई है। ताकि वे अपने रोजमर्रा के काम सरलता से करे तथा रोजगार कर अपना जीवन यापन कर सकें।

# शिवरीनारायण नगर के चंद्रकिरण शर्मा शासकीय कन्या पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन हुवा

- सभी बच्चो को परोसा गया स्वादिष्ट भोजन, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षको ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





नगर के चंद्रकिरण शर्मा शासकीय कन्या पूर्व उच्च माध्यमिक शाला में न्योता भोज कायक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक जो समन्वयक है एरावत कुमार साहू ने बताया की यह न्योता भोज का आयोजन माननीय कलेक्टर महोदय का बेहतरीन कार्यक्रम में से एक है न्योता भोज की आयोजन नगर के वार्ड नंबर 15 के ऊर्जावान पार्षद सागर केशरवानी द्वारा कराया गया सभी बच्चो को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, न्योता भोज में विद्यालय के कुल 83 बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव पार्षद मनोज तिवारी, सागर केशरवानी शिव शंकर सोनी निरंजन कश्यप, पिंटू भट्ट, विद्यालय से अजय सिंह खन्ना प्राचार्य, एरावत कुमार साहू समन्वयक, टूमन लाल साहू, कमलेश देवांगन, अनुपमा सोनी, सरवन कुमार लकड़ा, लक्ष्मीन मांझी, दिनेश्वरी मांझी प्रभाकर कश्यप आत्मानंद विद्यालय से बी के देवांगन प्राचार्य,कोमल साहू व्याख्याता सहित नगर के पत्रकार योगेश शर्मा धानवीर जाहिरे आशीष कश्यप अजय कैवर्त्य एवं नागरिकगण शामिल हुए।

## स्थानीय प्रशासन मौन

# शिवरीनारायण में सचिव इमारती वृक्षों को काट कर शासकीस भूमि पर कर रहा है बेजा कब्जा

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शासकीय जमीन की बेजा कब्जा को रोकने में प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की पसीने छूट रहे हैं। जिसके चलते शिवरीनारायण क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा धारियों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। इतना ही नहीं ये अतिक्रमण करने हरे भरे पेड़ो की भी बली देने से नही हिचक रहे हैं । नगर में वार्ड न 12 भोगहापारा में बेजा कब्जा रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है, सचिव शिव कश्यप जो की पामगढ़ क्षेत्र में पदस्थ है जिसके द्वारा खम्हार के लकड़ी को बिना अनुमति के काट दिया गया है। और धडल्ले से मकान बनाने के लिए काम करवा रहा है। अगर समय रहते कार्यवाही नही हुई तो उक्त बेशकीमती भूमि पर भी कब्जा हो जायेगा। नगर पंचायत शिवरीनारायण द्वारा नगर में बेजाकब्जा रोकने नही कराई जाती मॉनिटरिंग। नगर पंचायत नगर में बेजा कब्जा रोकने के लिए कोंई सख्ती नही बरत रहे हैं जिससे नगर में बेजा क़ब्जा धारियों का हौसला काफी बुलंद होते जा रहा है अब तो नगर के वार्ड नंबर 12 में सचिव शिव कश्यप के द्वारा हरी भरी खम्हार के पेड़ तक को काट कर धड़ल्ले से बेजाकब्जा करवाया जा रहा है, यही नहीं लोंगों का यहां तक कहना हे कि सचिव शिव कश्यप अभी जिस मकान पर निवासरत है वह मकान भी फर्जी पट्टे पर बना हुआ है। और प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी उसे मिल गया है। पूर्व में नगर पंचायत शिवरीनारायण उक्त मकान को बनने पर रोक लगाई गई थी, लेकिन वर्तमान में नगर पंचायत में घोर लापरवाही के चलते सचिव के भाई राम गोपाल कश्यप के नाम पर आवास योजना की पूर्ण राशि जारी कर दी गई। जबकि सचिव के भाई गोपाल कश्यप का गंगाजल गांव में भी तालाब के किनारे बेजाकब्जा में मकान बना है जिसे राजस्व विभाग को संज्ञान में लेकर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए ।

> पटवारियों का हड़ताल चल रहा है और मैं अभी शिविर में हूं अगर वहां पर बेजाकब्जा हो रहा होगा तो शिविर में आने के बाद नियमानुशार कार्यवाही की जाएगी
>
> **-कृष्णा कुमार जयसवाल**
> **तहसीलदार शिवरीनारायण**

### नगर में खाली पड़े जमीनों की बना दी गई है पट्टा

नगर में पूर्व में रहे तहसीलदार और पटवारियों ने नगर के बेशकीमती खाली जमीनों की पट्टे बनाये गए है। जिसे समय रहते अगर निरस्त नही किया गया तो वहां भी बनने लगेंगे मकान।

### शिवरीनारायण में पट्टे की जमीन की हो रही है खरीद फरोख्त

शिवरीनारायण के वार्ड 12 में सब्जी मंडी से जुड़ी जमीन की पट्टे को एक व्यक्ति के द्वारा सचिव को पैसे की लालच में बेच दिया है जिसमे सचिव के द्वारा अपना मकान जिस में वह रह रहा है जिसका खसरा नंबर 7231/1 क पर काबिज है उसी के बगल में दूसरे व्यक्ति से पट्टे को खरीद कर उक्त भूमि पर लंबा चौड़ा बेजाकब्जा कर मकान बना रहा है। बात करे इस वार्ड की तो लगातार इस वार्ड में पट्टे की खरीदी बिक्री धडल्ले से हो रही है और मोटी रकम की लालच में लोग अपना मकान दूसरों को बेच कर अन्य जगहों पर बेजाकब्जा करना शुरू कर दिए हैं।

# गायत्री प्रसाद पटेल को वाणिज्य विषय पर पीएचडी की उपाधि

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विषय में अतिथि व्याख्याता के रूप में पदस्थ गायत्री प्रसाद पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। बेहरापाली निवासी गायत्री प्रसाद पटेल ने अपनी पीएचडी की उपाधि मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर से प्राप्त की है। उनके शोध का विषय "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का अध्ययन विधान सभा क्षेत्र के विशेष संदर्भ में किया है । शोध निदेशक मैट्स स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज के विभागाध्यक्ष डॉ.उमेश गुप्ता के निर्देशन में पूर्ण किया है। वे विगत 6 वर्षों से स्थानीय स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विषय में अतिथि व्याख्याता के रूप में पदस्थ थे। गायत्री प्रसाद पटेल के पीएचडी के अवार्ड होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई,सहायक प्राध्यापकगण ,उनके इष्ट मित्र आदि ने शुभकामना एवम् बधाई दिये है।

# विश्व जनसम्पर्क दिवस पर एनएमडीसी ने आयोजित किया इन्टरऐक्टिव सत्र

## अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी ने 'क्या सम्वाद करना है, किससे सम्वाद करना है और कैसे सम्वाद करना है' के महत्व पर बल दिया

पायनियर संवाददाता ◂ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com



विश्व जनसम्पर्क दिवस के अवसर पर एनएमडीसी ने अपने मुख्यालय में अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और बी. विश्वनाथ, सीव्हीओ की उपस्थिति में एक इन्टरऐक्टिव सत्र आयोजित किया। समीर कपूर, अतिथि प्रोफेसर, आईआईएमसी, नई दिल्ली और सुधाकर रेड्डी, संपादक (इंवेस्टिगेशन), टाइम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ने इस डिजिटल उन्नत युग में जनसम्पर्क और सम्वाद के महत्व पर सत्र लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जी. प्रियदर्शिनी, सीजीएम (पी एंड ए) के 'स्वागत संदेश' से हुआ, जिसके उपरांत पी. जयप्रकाश, जीएम (सीसी) ने दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जनसम्पर्क क्षेत्र से प्रमुख वक्ताओं- समीर कपूर और सुधाकर रेड्डी ने 'बदलती दुनिया में जनसम्पर्क का भविष्य' विषय पर एनएमडीसी के कर्मचारियों के साथ अपना अनुभव और विशेषज्ञता सांझा किया। इन्टरऐक्टिव सत्र की शुरुआत समीर कपूर के साथ हुई, जिन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे दुनिया और जनसम्पर्क उद्योग में कोविड के बाद बदलाव आया है, इस क्षेत्र में वर्तमान रूझान और डिजिटल मीडिया में उपयोग किए जाने वाले नए उपकरण और तकनीक क्या हैं। समीर कपूर ने कहा, जनसम्पर्क और कहानी सुनाना महत्वपूर्ण है, सभी को जनसम्पर्क की आवश्यकता है। कहानी कहने के परिप्रेक्ष्य से सीखने को मिलता है, जनसम्पर्क का अर्थ जनता के साथ अच्छे संबंध बनाना है। सीधे शब्दों में कहें तो जनसम्पर्क यह सुनिश्चित करता है कि आपकी छवि और प्रतिष्ठा बनी रहे। सुधाकर रेड्डी ने कहा, हम एक बड़ी डिजिटल और सामाजिक क्रांति का अनुभव कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर समाज पर जो प्रभाव पड़ता है, पत्रकारिता जनसम्पर्क पर वह प्रभाव डालती है। हम एल्गोरिदम के युग में रह रहे हैं, जो कि किसी ब्रांड की छवि को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाता है। हैशटैग किसी भी चीज को बनाते और बिगाड़ते हैं और यहाँ तक कि लोकतंत्र पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वहीं, बी. विश्वनाथ, सीव्हीओ (मुख्य सतर्कता अधिकारी), एनएमडीसी ने कहा कि, 'सम्पूर्ण व्यावसायिक प्रक्रिया में जनसम्पर्क गतिविधियों का गहन प्रभाव पड़ता है। और एनएमडीसी की ब्रांडिंग में हमारे सीएमडी के व्यापक दृष्टिकोण ने वास्तव में काम किया है और पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। हैदराबाद एयरपोर्ट और लकड़ी-का-पुल मेट्रो स्टेशन पर अपनी होर्डिंग्स को देखकर हमें गर्व का अनुभव होता है। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, जनसम्पर्क और सम्वाद के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण है 'क्या सम्वाद करना है, किससे सम्वाद करना है और कैसे सम्वाद करना है' ङ्क यह सभी बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं। और हमें रणनीति बनाने की जरूरत है कि लोगों को क्या बताया जाना चाहिए। प्रिन्ट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से हर जगह सूचनाओं का विस्फोट हो रहा है, हम उस छवि को बनाए रखने के लिए ध्यान आकर्षित करने और चीजों को संप्रेषित करने का प्रयास करते हैं। इन्टरऐक्टिव सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच जनसम्पर्क चुनौतियों और अवसरों का प्रबंधन करने के लिए कौशल विकसित करना है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता हुई दूर

## रायगढ़ में 45 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। गतदिवस को रायगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 45 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर-वधु को दिया गया तथा जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया। इनमें से गोपालपुर, बोईरदादर की निवासी देवंती सिदार ने और भगवानपुर निवासी भारती ने बताया कि उनकी शादी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 16 जुलाई 2024 को हुई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से उनका पंजीयन किया गया और इस योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि वे अभी अपने अपने पति के साथ बेहद खुश है। गरीबी के कारण परिवार वालों के लिए शादी कराना बहुत बड़ी चुनौती थी पर इस योजना के चलते यह चुनौती आसानी से हल हो गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को धन्यवाद देते हुए हितग्राहियों कहा कि इस योजना ने हमारे माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर धूमधाम से विवाह करने समर्थ बना दिया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403